रजिस्ट्री सं. डी एल--33001/92 REGISTERED NO. DL—33001/92

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 10] नई दिल्ली, शनिवार, मार्च 7, 1992 (फाल्गुन 17, 1913)
No. 10] NEW DELHI, SATURDAY, MARCH 7, 1992 (PHALGUNA 17, 1913)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके ।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 4
[PART III—SECTION 4]

सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं

[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

भारतीय रिजर्व बैंक

केन्द्रीय कार्यालय

सरकारी और बैंक लेखा विभाग

बम्बई, दिनांक 7 मार्च 1992

भारत के राजपत्र में 20 अप्रैल, 1946 को प्रकाशित तथा 29 अप्रैल, 1954 की अधिसूचना सं० एफ(8) 70/बी/52 के अन्तर्गत यथा संशोधित लोक ऋण अधिनियम 1944 की धारा 28 के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा बनाए गए नियमों के नियम 18 के अनुसरण में (31 मार्च, 1991 को समाप्त तिमाही के लिए) निम्नलिखित सूची खो गई आदि ऐसी प्रतिभूतियों के बारे में एतद्द्वारा विज्ञापित की जाती है जिसके सम्बन्ध में इस बात का विश्वास करने के लिए प्रथम दृष्ट्या आधार मौजूद हैं कि प्रतिभूतियां खो गई हैं और आवेदकों का दावा न्यायोचित है । नीचे लिखे गए सम्बन्धित दावेदारों से इतर सभी व्यक्ति जिनका इन प्रतिभूतियों पर किसी प्रकार का दावा हो, तत्काल मुख्य लेखाकार, भारतीय रिजर्व बैंक, केन्द्रीय कार्यालय, सरकारी और बैंक लेखा विभाग, केन्द्रीय ऋण प्रभाग, बम्बई को संसूचित करें ।

सूची 'क'

प्रतिभूति का क्रमांक	मूल्य रु०/ग्राम	किसके नाम में जारी की गई	किस तारीख से ब्याज लागू	डुप्लीकेट जारी करने और/या उन्मोचन मूल्य की अदायगी के लिए दावेदार (रों) का/के नाम	जारी किए गए आदेश की संख्या और तारीख
1	2	3	4	5	6
		कलकत्ता मंडल—3 प्रतिशत परिवर्तन ऋण, 1946			
सीए०-322828	11,700/-	भारतीय रिजर्व बैंक	15-9-80	मुख्य प्रबन्धक, बैंक आफ इण्डिया चौरिंघी स्केअर शाखा, कलकत्ता ललिता रॉय की ओर से	संयुक्त प्रबन्धक का आदेश दिनांक 8-1-91 डी० वाई० नं० एल० सी० ओ० 159/90-91 दिनांक 9 जनवरी 1991 फाईल सं० I 2445 मामला क्र० 846
सीए० 299491	1,100/-	कमला सेन गुप्ता	15-9-77	—वही—	—वही—

(ह०) अपठनीय
मुख्य लेखाकार
भारतीय रिजर्व बैंक

दी इन्स्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स आफ इंडिया

नई दिल्ली-110002, दिनांक 21 फरवरी 1992

(चार्टर्ड एकाउन्टैन्टस)

नं० 1-सी० ए० (7)/19/92—चूंकि चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स अधिनियम 1949 (सन् 1949 का 38वां) की धारा 30 की उपधारा (3) की व्यवस्थाओं के अनुसार चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स विनियम, 1988 में संशोधनों का मसविदा 21 सितम्बर, 1991 को भारत के राजपत्र के भाग 3 धारा 4 के पृष्ठ संख्या 2897 से 2908 पर इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स आफ इंडिया की दिनांक 4 सितम्बर, 1991 की अधिसूचना संख्या 1-सी०ए० (7)/19/91 के अन्तर्गत प्रकाशित किया गया था ।

और चूंकि कथित राजपत्र सर्वसाधारण के लिए 25 सितम्बर, 1991 को उपलब्ध कराया गया था ।

और चूंकि कथित मसविदा पर सर्वसाधारण से प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों पर इस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स आफ इंडिया की परिषद् द्वारा विचार किया गया और केन्द्रीय सरकार द्वारा पारित किए गए हैं ।

अब एतद् द्वारा उपरोक्त अधिनियम की धारा 30 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए कथित परिषद्, केन्द्र सरकार की अनुमति से चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स विनियम, 1988 में निम्नलिखित संशोधन करती है, जैसे:—

1. (i) इन विनियमों को चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स (संशोधन) विनियम, 1992 माना जायेगा ।

(ii) यह विनियम भारत के राजपत्र में प्रकाशित होने की तिथि से लागू माने जायेंगे ।

2. चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स विनियम, 1988 में —

(i) निवर्तमान विनियम 23, 24, 25 तथा 26 को निम्नलिखित अनुसार प्रतिस्थापित किया जायेगा :—

"23(1) एन्ट्रेन्स परीक्षा के लिये प्रवेश शुल्क एवं पाठ्यक्रम :

एन्ट्रेन्स परीक्षा में किसी भी प्रत्याक्षी को तब तक प्रवेश नहीं दिया जायेगा जब तक उसने विनियम 2 के उप विनियम (1) के अनुच्छेद (9) के प्रावधानों के तहत स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण न कर ली हो अथवा स्नातकीय पाठ्यक्रम प्राप्त कर रहा हो ।

बशर्ते जो प्रत्याशी 1 जनवरी, 1985 के उपरांत सम्पन्न एन्ट्रेन्स परीक्षा में बैठा हो और तीन बार कथित परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुआ है उसे एन्ट्रेन्स परीक्षा में प्रवेश नहीं दिया जायेगा ।

(2) सभी प्रत्याशियों को एन्ट्रेन्स परीक्षा में प्रवेशार्थ शुल्क का भुगतान करना होगा जो समय-समय पर कौंसिल द्वारा निर्धारित किया जायेगा ।

(3) एन्ट्रेन्स परीक्षा में प्रवेशार्थ प्रत्याशियों की उन विषयों में परीक्षा ली जायेगी जिनका निर्धारण अनुसूची "बी" के पैरा 1 में किया गया है ।

(4) इन विनियमों कि किसी भी उल्लेख के बावजूद कौंसिल को यह अधिकार होगा कि वह फाउंडेशन परीक्षा शुरू होने के उपरांत किसी भी समय एन्ट्रेन्स परीक्षा को समाप्त कर दें ।

24. फाउंडेशन पाठ्यक्रम के लिये पंजीकरण

(1) किसी भी प्रत्याशी को फाउंडेशन पाठ्यक्रम के लिए तब तक पंजीकृत नहीं किया जायेगा जब तक कि उसने भारत में विधि सम्मत रूप से गठित किसी परीक्षा संस्था द्वारा संचालित सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा अथवा उसके समकक्ष समझी जाने वाली केन्द्रीय सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त परीक्षा उत्तीर्ण न कर ली हो ।

(2) उपरोक्त उप विनियम (1) में किसी भी उल्लेख के बावजूद अगर कोई व्यक्ति अपनी अंतिम सीनियर सैकेण्डरी परीक्षा अथवा उसके समकक्ष समझी जाने वाली सरकार अथवा कौंसिल द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी परीक्षा में बैठा है उसे भी कौंसिल के तत्वावधान में गठित कोचिंग संगठन द्वारा फाउंडेशन पाठ्यक्रम के लिए अंतरिम रूप से पंजीकृत कर दिया जायेगा । बशर्ते जिस व्यक्ति को अंतरिम पंजीकरण दिया गया है उसने अंतरिम पंजीकरण से 6 महीनों के अन्दर कोचिंग संगठन को इस आशय के संतोषजनक प्रमाण दे दिए हैं कि उसने कथित परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है । जो व्यक्ति उपरोक्त निर्धारित अवधि तक इस प्रकार के प्रमाण प्रस्तुत करने में असफल रहेगा उसका अंतरिम पंजीकरण रद्द कर दिया जायेगा और जो भी पंजीकरण शुल्क अथवा शिक्षा शुल्क उसने दिया है उसका कोई भी भाग वापस नहीं किया जायेगा तथा इन विनियमों के उद्देश्य की पूर्ति के लिए उसके द्वारा प्राप्त सैद्धांतिक निर्देशों को किसी भी प्रकार की मान्यता नहीं दी जायेगी ।

(3) फाउंडेशन पाठ्यक्रम में प्रवेश से पूर्व प्रत्याशियों को शुल्क का भुगतान करना होगा जो समय-समय पर कौंसिल द्वारा निर्धारित किया गया हो ।

25. (1) फाउंडेशन परीक्षा के लिये प्रवेश, शुल्क एवं पाठ्यक्रम

किसी भी प्रत्याशी को फाउंडेशन परीक्षा में तब तक प्रवेश नहीं दिया जायेगा जब तक कि वह किसी भी नाम से जाने वाले कोचिंग संगठन के प्रधान से इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करता कि वह कोचिंग संगठन के पास पंजीकृत हुआ है और उसने डाक शिक्षा योजना के संबंध में सभी आवश्यक निर्देशों का पालन किया है ।

बशर्ते कि वाणिज्यक स्नातक जिसने कि स्नातक परीक्षा एकाउंटेन्सी आडिटिंग, मर्किन्टाइल अथवा कोर्मशियल लाज विषयों में, परीक्षा के पूर्ण अंकों का 50 प्रतिशत औसत अंक प्राप्त करते हुए उत्तीर्ण की हो, अथवा वाणिज्य स्नातक के अलावा दूसरे स्नातक जिसने अन्य विषयों के साथ अंक गणित में स्नातक परीक्षा, परीक्षा के पूर्ण अंकों का कम से कम 60 प्रतिशत औसत अंक प्राप्त करते हुए उत्तीर्ण की हो, अथवा वाणिज्य स्नातक के अलावा दूसरे स्नातक जिसने स्नातक परीक्षा अंक गणित के अलावा किसी अन्य विषयों में, स्नातक परीक्षा के पूर्ण अंकों का कम से कम 55 प्रतिशत औसत अंक प्राप्त करते हुए उत्तीर्ण की हो, को फाउंडेशन परीक्षा पास करने से छूट दी जायेगी, यदि अन्य रूपों में योग्य पाया गया तो ऐसे अभ्यर्थियों को इन विनियमों में निर्धारित व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु प्रत्यक्ष रूप से आर्टिकल्ड/आडिट क्लर्क के रूप में पंजीकृत होने की अनुमति दी जायगी ।

व्याख्या:—इस विनियम के उद्देश्य हेतु, वाणिज्य स्नातक का अर्थ, उस स्नातक से होगा जिसने इस क्षेत्र में उपलब्ध अन्य विषयों के अलावा, स्नातक परीक्षा एकाउन्टेंसी, आडिटिंग, मर्केन्टाइल अथवा कोर्मशियल लाज के विषय पूर्ण विषयों के रूप में उत्तीर्ण की हो ।

(2) प्रत्याशी को फाउंडेशन परीक्षा शुल्क का भुगतान करना होगा जो समय समय पर कौंसिल द्वारा निर्धारित किया जायेगा ।

(3) प्रत्याशियों को फाउंडेशन परीक्षा के लिए अनुसूची "बी" के पैरा 1ए में निर्धारित विषयों में परीक्षा देनी होगी ।

26. इण्टरमीडिएट परीक्षा में प्रवेश

किसी भी उम्मीदवार को इण्टरमीडिएट परीक्षा में तभी प्रवेश दिया जायेगा, जब उसने :—

(i) (अ) प्रवेश परीक्षा पास कर ली हो और विनियम 2 के उप विनियम (1) के अनुच्छेद (9) के अन्तर्गत स्नातक हो, अथवा

(ब) फाउंडेशन परीक्षा पास कर ली हो अथवा इन विनियमों के अधीन कथित परीक्षा को पास करने में छूट प्राप्त हो ।

(ii) उसने आर्टिकल्ड क्लर्क अथवा आडिट क्लर्क के रूप में अथवा आर्टिकल्ड क्लर्क (आंशिक रूप से) अथवा आडिट क्लक (आंशिक रूप से) के रूप में 9 महीने की सेवा परीक्षा शुरू होने वाले महीने के प्रथम दिन से तीन महीने पूर्व पूर्ण कर ली हो, और

(iii) किसी भी नाम, पद से जाने वाले कोचिंग संगठन के प्रधान से इस आशय का प्रमाण पत्र उसे प्रस्तुत करना होगा कि उसने डाक शिक्षा योजना के संबंध में सभी अपेक्षित आवश्यकताओं को पूर्ण कर लिया है :—

बशर्ते कि उक्त प्रमाण पत्र उसके निर्गमन की तिथि जो कोचिंग संगठन द्वारा निर्धारित किया जायेगा, से आंकलिक अवधि के लिए वैध होगा जिसके उपरांत प्रत्याशी को उस संबंध में कोचिंग संस्थान द्वारा लागू की गयी शर्तों के अनुसार सभी शर्तों को पूरा करने के बाद नवीन प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य होगा ।

II. विद्यमान विनियम 28 और 29 में निम्नानुसार परिवर्तन किया गया है :

28. इंटरमीडिएट परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम

(1) 1 जनवरी, 1985 के उपरांत संपन्न इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए प्रत्याशी को अनुसूची "बी" के पैरा 2 में निर्धारित समूह तथा विषयों में परीक्षा देनी होगी।

(2) इन विनियमों में किसी भी उल्लेख के बावजूद, परिषद, फाउंडेशन पाठ्यक्रम के शुरू हो जाने के बाद, किसी भी समय सूची "बी" के पैराग्राफ 2 के अन्तर्गत निर्धारित पाठ्यक्रम में इंटरमीडिएट परीक्षा के आयोजन को समाप्त कर सकती है तथा उम्मीदवारों को सूची "बी" के पैराग्राफ 2ए में निर्धारित पाठ्यक्रम के अन्तर्गत इंटरमीडिएट परीक्षा पास करने का आदेश दे सकती है।

29. अंतिम (फाइनल) परीक्षा में प्रवेश

किसी भी प्रत्याशी को अंतिम (फाइनल) परीक्षा में तभी तक प्रवेश नहीं मिलेगा जब तक उसने :—

(i) इन विनियमों अथवा चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट्स विनियम, 1964 के अधीन इंटरमीडिएट परीक्षा अथवा चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स विनियम 1949 के तहत इंटरमीडिएट अथवा प्रथम परीक्षा उत्तीर्ण न कर ली हो अथवा चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स विनियम 1949 के अन्तर्गत प्रथम परीक्षा उत्तीर्ण करने से छूट मिल गयी हो।

(ii) सदस्य के रूप में प्रवेश के लिए अपेक्षित व्यावहारिक प्रशिक्षण पूर्ण कर लिया है अथवा परीक्षा शुरू होने वाले महीने में प्रथम दिन से न्यूनतम 3 माह पूर्व व्यावहारिक प्रशिक्षण कम से कम 9 महीनों का और प्राप्त करना है।

स्पष्टीकरण

व्यावहारिक प्रशिक्षण की उक्त 9 महीनों की शेष अवधि को आंकलित करते समय आर्टिकल्ड क्लर्क के मामलों में 138 दिन से अधिक लिए गए अवकाश और आडिट क्लर्क के मामले में 184 दिन से अधिक लिये गये अवकाश को ऐसी अवधि माना जायेगा कि उसने आर्टिकल्ड अथवा आडिट सेवा, जैसा भी मामला हो, के अन्तर्गत इस अवधि के लिए और प्रशिक्षण प्राप्त करना है।

(iii) अंतिम परीक्षा में प्रथम प्रवेश तथा इन्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण करने के बीच कम से कम दो फाइनल परीक्षाओं का समय अन्तराल आवश्यक है बशर्ते कि :—

(i) ऐसे विद्यार्थी के मामले में जो कि अपनी व्यावहारिक प्रशिक्षण की अवधि के अंतिम छः महीनों के बीच में अंतिम परीक्षा में प्रवेश करता है, इंटरमीडिएट परीक्षा पास करने तथा अंतिम परीक्षा में प्रथम प्रवेश के बीच केवल एक अंतिम परीक्षा का समय अन्तराल आवश्यक होगा।

(ii) ऐसे विद्यार्थी के मामले में जो कि अपना व्यावहारिक प्रशिक्षण की अवधि के समाप्त होने पर अंतिम परीक्षा में प्रवेश लेता है वहां इंटरमीडिएट परीक्षा पास करने तथा अंतिम परीक्षा में प्रथम प्रवेश के बीच में कोई भी समय अन्तराल आवश्यक नहीं होगा।

III. वर्तमान विनियम 31 में निम्न अनुसार परिवर्तन किया गया है:

31. अंतिम परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम

(1) अंतिम परीक्षा के लिए प्रत्याशियों की अनुसूची "बी" के पैरा 3 में निर्धारित समूह तथा विषयों में परीक्षा ली जायेगी।

(2) इन विनियमों में किसी भी उल्लेख के बावजूद, परीषद फाउंडेशन परीक्षा के शुरू हो जाने के उपरांत, किसी भी समय, सूची "बी" के पैराग्राफ 3 के अन्तर्गत निर्धारित पाठ्यक्रम में, फाइनल परीक्षा के आयोजन को समाप्त कर सकती है, तथा उम्मीदवारों को सूची "बी" के पैराग्राफ 3ए में निर्धारित पाठ्यक्रम के अन्तर्गत फाइनल परीक्षा पास करने का आदेश दे सकती है।

विद्यमान विनियम 36, 37 तथा 38 में निम्न प्रकार से परिवर्तन कर दिया जायेगा :—

36. (1) एन्ट्रेन्स एवं फाउण्डेशन परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए अर्हताएं :—

साधारणतया उस प्रत्याशी को एन्ट्रेन्स परीक्षा में उत्तीर्ण घोषित माना जाएगा जिसने एक परीक्षा में न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक प्रत्येक प्रश्नपत्र में प्राप्त किए हैं और सभी प्रश्नपत्रों को मिलाकर कुल अंकों को न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

(2) फाउंडेशन परीक्षा में उस प्रत्याशी को उत्तीर्ण माना जायेगा जिसने एक परीक्षा में न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक प्रत्येक प्रश्नपत्र में प्राप्त किए है और सभी प्रश्नपत्रों को मिलाकर कुल अंकों का न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।

37. इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए अर्हताएं

(1) इंटरमीडिएट परीक्षा में साधारणतया उस प्रत्याशी को उत्तीर्ण घोषित किया जायेगा जिसने दोनों समूहों की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है। वह दोनों समूहों में एक साथ बैठ सकते हैं अथवा एक परीक्षा में एक समूह में और किसी आगामी परीक्षा में शेष समूहों के लिए परीक्षा दे सकते हैं।

(2) दोनों समूहों में एक साथ उस प्रत्याशी को उत्तीर्ण घोषित माना जाएगा जिसने एक परीक्षा में न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक दोनों समूहों के प्रत्येक प्रश्न पत्र में प्राप्त किए है और एक साथ लिए दोनों समूहों के सभी प्रश्न पत्रों में कुल न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं।

(3) जिस प्रत्याशी ने एक परीक्षा में समूह के प्रत्येक प्रश्न पत्र में न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक तथा उस समूह के सभी प्रश्न पत्रों में कुल मिलाकर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं उन्हें उस समूह में उत्तीर्ण घोषित माना जाएगा।

(4) जिस प्रत्याशी ने इंटरमीडिएट परीक्षा के दोनों ग्रुपों में किसी एक ग्रुप को, इन विनियमों के सूची "बी" का पैराग्राफ 2ए में निर्धारित पाठ्यक्रम में परीक्षा के शुरू

होने से पहले, पूर्व परीक्षा पाठ्यक्रम के अन्तर्गत पास कर लिया हो, यह निम्नलिखित तालिकाओं में निर्धारित प्रश्नपत्रों में बैठने से छूट की अधिकारी होगा, और इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्तीर्ण घोषित माना जायेगा, यदि वह एक ही परीक्षा के अन्तर्गत बाकी बचे प्रश्नपत्रों में प्रत्येक प्रश्नपत्र में न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक, और सभी शेष प्रश्नपत्रों को एक साथ मिलाकर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लेता हो।

बशर्ते जिस प्रत्याशी को पांच प्रश्नपत्रों में बैठने से छूट प्राप्त होगी उसे कथित परीक्षा में उत्तीर्ण घोषित माना जाएगा यदि उसने शेष प्रश्नपत्रों में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों।

तालिका ए

चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स विनियम, 1964 के अंतर्गत अनुसूची "बी" के तहत उत्तीर्ण इंटरमीडिएट परीक्षा के प्रश्नपत्र		चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स विनियम, 1988 के सूची "बी" के पैराग्राफ 2ए में वर्णित पाठ्यक्रम के अंतर्गत किसी भी इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रत्याशियों को छूट प्राप्त करने के प्रश्न-पत्र	
समूह–1			
प्रश्न-पत्र 1	: एकाउंटिंग	प्रश्न-पत्र 1	: एडवांस एकाउंटिंग (समूह-1)
प्रश्न-पत्र 2	: एकाउंटिंग	प्रश्न-पत्र 1	: एडवांस एकाउंटिंग (समूह-1)
प्रश्न-पत्र 3	: आडिटिंग	प्रश्न-पत्र 2	: आडिटिंग (समूह-1)
समूह–2			
प्रश्नपत्र 4	: कास्ट एकाउन्ट्स एण्ड स्टेटिस्टिक्स	प्रश्न पत्र 4	: कास्ट एकाऊंटिंग (समूह –2)
प्रश्नपत्र 5	: मर्केन्टाइल लॉ एवं कम्पनी लॉ	प्रश्नपत्र 5	: कोर्पोरेट एवं अन्य लॉ (समूह–1)
प्रश्नपत्र 6	: सामान्य वाणिज्य ज्ञान	कुछ नहीं	

तालिका बी

चार्टर्ड एकाउन्टैंट्स विनियम 1964 की अनुसूची "बी" के पैराग्राफ 2 के अन्तर्गत उत्तीर्ण इंटरमिडिएट परीक्षा के प्रश्न–पत्र अथवा सी० ए० विनियम, 1988 की अनुसूची 'बी" के अन्तर्गत उत्तीर्ण इंटरमिडिएट परीक्षा के प्रश्नपत्र		चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स विनियम, 1988 के सूची "बी" के पैराग्राफ 2ए में वर्णित पाठ्यक्रम के अन्तर्गत किसी भी इंटरमिडिएट परीक्षा में छूट जिसके लिए प्रत्याशी अधिकारी होगा	
समूह–1			
प्रश्नपत्र–1	: एकाउन्टिंग	प्रश्नपत्र–1	: एडवांस्ड एकाउंटिंग (समूह–1)
प्रश्नपत्र 2ए	: कम्पनी एकाउन्ट्स	प्रश्नपत्र–5	: आयकर तथा केन्द्रीय बिक्री कर (समूह–2)
2 बी	: ऐलीमेंट्स आफ इनकम टैक्स		
प्रश्नपत्र –3	: कास्ट एकाउन्टिंग	प्रश्नपत्र–4	: कास्ट एकाउंटिंग (समूह–2)
प्रश्नपत्र–4	: आडिटिंग	प्रश्नपत्र 5–2	: आडिटिंग (समूह–1)
समूह –2			
प्रश्नपत्र–5	: मर्केन्टाइल लॉ, कम्पनी लॉ एवं इण्डस्ट्रीयल लॉ	प्रश्नपत्र:3	: कोर्पोरेट एवं अन्य लॉज (समूह–1)
प्रश्नपत्र–6	: बिजनेस मैथेमैटिक्स एवं स्टैटिस्टिक्स		कुछ नहीं
प्रश्नपत्र–7	: आर्गेनाइजेशन एवं मैनेजमेंट एवं अर्थशास्त्र	प्रश्नपत्र–6	: आर्गेनाइजेशन एवं मैनेजमेंट तथा इलेक्ट्रोनिक डाटा प्रोसेसिंग के फंडामैंट्स (समूह–2)

(5) जिन प्रत्याशियों ने इंटरमीडिएट परीक्षा के एक समूह को उत्तीर्ण कर लिया है किन्तु दोनों समूह उत्तीर्ण नहीं कर सके हैं उन पर ये विनियम तब तक लागू होते रहेंगे जब तक इन विनियमों के सूची "बी" पैराग्राफ 2ए के अन्तर्गत होने वाली इंटरमिडिएट परीक्षा शुरू नहीं हो जाती ।

38. अन्तिम परीक्षा उत्तीर्ण करने सम्बन्धी अर्हताएं :

(1) जो प्रत्याशी अन्तिम परीक्षा के दोनों समूहों में उत्तीर्ण हो, उसे साधारणतया उत्तीर्ण घोषित माना जायेगा । भले ही वह दोनों समूहों में एक साथ बैठा हो अथवा एक परीक्षा के एक समूह में तथा शेष समूह में किसी आगामी परीक्षा में बैठा हो ।

(2) जिस प्रत्याशी ने एक परीक्षा में दोनों समूहों के प्रत्येक प्रश्नपत्र में न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं तथा उस समूह के सभी प्रश्नपत्रों में कुल मिलाकर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं उन्हें दोनों समूहों में एक साथ उत्तीर्ण घोषित किया जाएगा ।

(3) जिस प्रत्याशी ने एक परीक्षा में समूह के प्रत्येक प्रश्नपत्र में न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं और उस समूह के सभी प्रश्नपत्रों में कुल मिलाकर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं उन्हें उस समूह में उत्तीर्ण घोषित किया जाएगा ।

(4) जिस प्रत्याशी ने फाइनल परीक्षा के दोनों ग्रुपों में किसी एक ग्रुप को, इन विनियमों के सूची "बी" का पैराग्राफ 3ए में निर्धारित पाठ्यक्रम में परीक्षा के शुरू होने से पहले, पूर्व परीक्षा पाठ्यक्रम के अन्तर्गत पास कर लिया हो, वह निम्न-लिखित तालिकाओं में निर्धारित प्रश्नपत्रों में बैठने से छूट की अधिकारी होगा, और परीक्षा में उत्तीर्ण घोषित माना जाएगा यदि वह, एक ही परीक्षा के अन्तर्गत बाकी बचे प्रश्न-पत्रों में न्यूनतम 40 प्रतिशत और सभी शेष प्रश्नपत्रों को एक साथ मिलाकर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त कर लेता हो ।

बशर्ते कि प्रत्याशी ने सात प्रश्नपत्रों में बैठने से छूट प्राप्त कर ली है उन्हें कथित परीक्षा में उत्तीर्ण घोषित किया जाएगा किन्तु उसे शेष प्रश्नपत्रों में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा ।

तालिका सी

चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स विनियम, 1964 की अनुसूची "बी" के अन्तर्गत उत्तीर्ण अन्तिम परीक्षा के प्रश्नपत्र		चार्टर्ड एकाउन्टैन्टस विनियम, 1988 के सूची "बी" पैराग्राफ 3ए में वर्णित पाठ्यक्रम के अन्तर्गत किसी भी अन्तिम परीक्षा में छूट जिसके लिए प्रत्याशी अधिकारी होगा ।
समूह–1		
प्रश्नपत्र–1	: एडवांस्ड एकाउंटिंग	प्रश्नपत्र–1 : एडवांस्ड एकाउंटिंग (समूह–1)
प्रश्नपत्र–2	: एडवांस्ड एकाउंटिंग एवं मैनेजमेंट एकाउंटिंग	प्रश्नपत्र–2 : मैनेजमेंट एकाउंटिंग एवं वित्तीय विश्लेषण (समूह–1)
प्रश्नपत्र–3	: कास्टिंग	प्रश्नपत्र–5 : एडवांस्ड कास्ट एकाउंटिंग एवं कास्ट सिस्टम (समूह–2)
प्रश्नपत्र–4	: आडिटिंग	प्रश्नपत्र–3 : एडवांस्ड एवं मैनेजमैंट आडिटिंग (समूह–1)
प्रश्नपत्र–5	: टैक्सेशन	प्रश्नपत्र–7 : प्रत्यक्षकर (समूह–2)
समूह–2		
प्रश्नपत्र –7	: कम्पनी लॉ	प्रश्नपत्र–4 : कोर्पोरेट लॉज एवं सेक्रेटेरियल प्रैक्टिस (समूह–1)

तालिका 'डी'

तीन समूह प्रणाली के अन्तर्गत 1 जनवरी, 1985 से पूर्व चार्टर्ड एकाउन्टैन्टस विनियम, 1964 की अनुसूची "बीबी" के अन्तर्गत उत्तीर्ण अन्तिम परीक्षा के प्रश्नपत्र		चार्टर्ड एकाउन्टैन्टस विनियम, 1988 के सूची "बी" पैराग्राफ 3ए में वर्णित पाठ्यक्रम के अन्तर्गत किसी भी अन्तिम परीक्षा में छूट जिसके लिए प्रत्याशी अधिकारी होगा	
समूह–1			
प्रश्नपत्र–1	: एडवांस एकाउंटिंग	प्रश्नपत्र–1	: एडवान्स एकाउंटिंग (समूह–1)
प्रश्नपत्र–2	: फाइनैंनशियल मैनेजमैंट	प्रश्नपत्र–2	: मैनेजमैंट एकाउंटिंग एवं वित्तीय विश्लेषण (समूह–1)
प्रश्नपत्र–3	: आडिटिंग	प्रश्नपत्र–3	: एडवांस एवं मैनेजमैंट आडिटिंग (समूह–1)
समूह–2			
प्रश्नपत्र–4	: कम्पनी लॉ	प्रश्नपत्र–4	: कार्पोरेट लॉज एवं सेक्रेटेरियल प्रैक्टिस (समूह–1)
प्रश्नपत्र–5	: प्रत्यक्ष कर कानून	प्रश्नपत्र–7	: प्रत्यिक्ष कर (समूह–2)
समूह–3			
प्रश्नपत्र–8	: सिस्टम एनालिसिस एवं डाटा प्रोसेसिंग	प्रश्नपत्र –6	: सिस्टम एनालिसिस, डाटा प्रोसेसिंग एवं क्वान्टिटेटिव टैकनिक (समूह–2)
प्रश्नपत्र–9	: कास्ट रिकार्ड्स एवं कास्ट कन्ट्रोल	प्रश्नपत्र–5	: एडवांस्ट कास्ट एकाउंटिंग एवं कास्ट सिस्टम (समूह-2)

तालिका 'ई'

चार्टर्ड एकाउन्टैंट्स विनियम, 1964 की अनुसूची "बीबी" के अन्तर्गत उत्तीर्ण अंतिम परीक्षा अथवा इन विनियमों के सूची "बी" पैराग्राफ 3ए में वर्णित पाठ्यक्रम के लागू किए जाने से पूर्व विनियम 1988 (दो समूह प्रणाली के अन्तर्गत) के तहत परीक्षा के प्रश्नपत्र	चार्टर्ड एकाउंटैन्ट्स विनियम, 1988 के सूची "बी" पैराग्राफ 3ए में वर्णित पाठ्यक्रम के अन्तर्गत किसी भी अन्तिम परीक्षा में छूट जिसके लिए प्रत्याशी अधिकारी होगा
1	2
समूह-1	
प्रश्नपत्र–1 : एडवांस एकाउंटिंग	प्रश्नपत्र–1 : एडवांस्ड एकाउंटिंग (समूह–1)
प्रश्नपत्र–2 : मैनेजमैंट एकाउंटिंग	प्रश्नपत्र–2 : मैनेजमैंट एकाउंटिंग एवं वित्तीय विश्लेषण (समूह–1)
प्रश्नपत्र–3 : आडिटिंग	प्रश्नपत्र–3 : एडवांस एवं मैनेजमैंट आडिटिंग (समूह–1)
प्रश्नपत्र–4 : कम्पनी लॉ	प्रश्नपत्र–4 : कोर्पोरेट लॉज एवं सेक्रेटेरियल प्रैक्टिस (समूह–1)

1	2
समूह–2	
प्रश्नपत्र–5 : प्रत्यक्ष कर नियम	प्रश्नपत्र–7 : प्रत्यक्ष कर (समूह–2)
प्रश्नपत्र–6 : मैनेजमेंट इंफोरमैशन एवं कन्ट्रोल सिस्टम (कोम्बीनेशन "सी")	प्रश्नपत्र–6 : सिस्टम एनालिसिस, डाटा प्रोसेसिंग एवं क्वान्टिटेटिव टैक्नीक (समूह–2)
प्रश्नपत्र–7 : सिस्टम एनालिसिस एवं डाटा प्रोसेसिंग (कम्बीनेशन "बी")	
प्रश्नपत्र –8 : सैक्रेटरियल प्रैक्टिस (कम्बीनेशन "ए")	प्रश्नपत्र–4 : कार्पोरेट लॉज एवं सेक्रेटरियल प्रैक्टिस (समूह–1)
प्रश्नपत्र –8 : कास्ट सिस्टम्स एवं कास्ट कन्ट्रोल (कम्बीनेशन "बी")	प्रश्नपत्र–5 : एडवांस कास्ट एकाउंटिंग एवं कास्ट सिस्टम (समूह –2)
प्रश्नपत्र–8 : मैनेजमेंट एवं ओपरेशन आडिट (कम्बीनेशन "सी")	प्रश्नपत्र–3 : एडवांस एवं मैनेजमेंट आडिटिंग (समूह –1)

(5) जिस प्रत्याशी ने चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स विनियम, 1988 के अन्तर्गत अन्तिम परीक्षा के किसी एक समूह में सफलता प्राप्त की है, किन्तु दोनों समूहों में नहीं कर सके हैं उन प्रत्याशियों पर इन विनियमों के सूची "बी" पैराग्राफ 3ए के अन्तर्गत सम्पन्न होने वाली अन्तिम परीक्षा के शुरू होने तक उन विनियमों के प्रावधानों को ही लागू माने जाएंगे ।

V. विनियम 43 में––

(i) उप–विनियम (6) को हटा दिया जाएगा ,

(ii) वर्तमान उप विनियम (8) के प्रावधानों के स्पष्टीकरण को निम्न प्रकार से संशोधन किया गया है:––

स्पष्टीकरण

इस विनियम का उद्देश्य है कि जब कोई सदस्य विनियम 51 तथा 72 के तहत स्वीकृत वित्तीय, वाणिज्यक अथवा औद्योगिक संस्थानों में एक अथवा अधिक में सेवा करने के उपरांत प्रैक्टिस को अपने मुख्य व्यवसाय के रूप में सहित अपनी प्रैक्टिस शुरू करता है वह तीन वर्षों से सतत प्रैक्टिस कर रहा है––ऐसा माना जाएगा ।

निवर्तमान विनियम 45 के उप–विनियम (1) की क्लाज (बी) को निम्नलिखत से बदल दिया गया है :––

"(बी) इस प्रकार का प्रत्याशी––

(i) आर्टिकल्स के शुरू होने के दिन 18 वर्ष से कम का न हो ।

(ii) इन विनियमों के तहत या तो उसने फाउन्डेशन परीक्षा उत्तीर्ण कर ली हो या फाउन्डेशन परीक्षा उत्तीर्ण करने से उसको छूट प्राप्त हो गई हो––

बशर्ते कि जिन स्नातक प्रत्याशियों ने एन्ट्रेन्स परीक्षा उत्तीर्ण की है उन्हें स्वयं को आर्टिकल्ड क्लर्कस के रूप में पंजीकृत किए जाने के लिए ग्राह्य माना जाएगा ।"

विनियम 46 के वर्तमान उप विनियम (5) को हटा दिया गया है । विनियम 51 के वर्तमान उप विनियम (2) में निम्न अनुसार संशोधन किया गया है :––

"(2) व्यावहारित प्रशिक्षण की निर्धारित अवधि अन्तिम वर्ष में औद्योगिक प्रशिक्षण की अवधि 9 महीनों से 12 महीनों तक मानी जाएगी ।"

विनियम 57 में––

(i) निवर्तमान उप विनियम (3) को हटा दिया गया है ।

(ii) उप–विनियम (4), शब्द, कोष्ठक एवं अंक "उप–विनियम (3)" तथा "उप–विनियम (1) अथवा उप– विनियम (2) के अन्तर्गत आने वाले मामले "में" को हटा दिया गया है ।

वर्तमान उप विनियम 60 को निम्न अनुसार परिवर्तित किया गया है :––

"60. आर्टिकल्ड क्लर्क के लिए कार्यकारी घंटे :

कौंसिल द्वारा निर्गमित निर्देशों के अनुसार आर्टिकल्ड क्लर्क के कार्यकारी घंटे प्रति सप्ताह 35 घंटे होंगे जो समय-समय पर प्रिंसीपल द्वारा नियमित किए जाएंगे ।"

XI. निवर्तमान उप विनियम 64 में निम्न अनुसार संशोधन किया गया है ।"

"64. कौंसिल को प्रतिवेदन :

(1) प्रिंसिपल आर्टिकल्ड क्लर्क द्वारा लिए गए प्रशिक्षण का पूरा हिसाब किताब और उसकी प्रगति का रिकार्ड इस प्रकार रखेगा जो कौंसिल द्वारा समय–समय पर निर्धारित किया जाएगा ।

(2) जब भी कौंसिल द्वारा अपेक्षित समझा जाएगा प्रशिक्षण का पूरा रिकार्ड प्रिंसीपल द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा । प्रिंसीपल के निधन हो जाने पर उसके कानूनी प्रतिनिधि अथवा जीवित पार्टनर उस रिकार्ड को कौंसिल के पास प्रस्तुत करेंगे, जैसे भी और जब भी कौंसिल चाहेगी ।"

XII. विनियम 68 के वर्तमान उप विनियम (5) में निम्न अनुसार संशोधन किया गया है :—

"(5) आडिट क्लर्क के रूप में किसी भी व्यक्ति को नियुक्त करने का अधिकार किसी भी सदस्य को होगा किन्तु उस व्यक्ति को निम्नलिखित दरें जो इस बात पर निर्भर करेगा कि आडिट क्लर्क का स्थान कहां है, पर वेतन भोगी कर्मचारी के रूप में न्यूनतम एक वर्ष की अवधि के लिए अपने पास अथवा प्रैक्टिस कर रहे चार्टर्ड एकाउन्टेंटस को संस्था, जिसमें वह पार्टनर है, में नियुक्त करने का अधिकार होगा :—

(ए) 10 लाख अथवा अधिक की आबादी वाले शहरों में रु० 750/– प्रति माह

(बी) दस लाख से कम आबादी वाले शहरों/कस्बों में रु० 500/– प्रति माह

स्पष्टीकरण

इस उप-विनियम के उद्देश्य के लिए आबादी के आंकड़ों का आंकलन अन्तिम प्रकाशित भारत की जनगणना प्रतिवेदन के आधार पर किया जाएगा ।"

XIII. विनियम 69 में, उप–विनियम (1) की क्लाज (बी) को निम्न अनुसार संशोधन किया गया है :—

"(बी) ऐसा कोई भी व्यक्ति :

(1) आडिट सेवा शुरू करने के दिन 18 वर्ष से कम आयु का नहीं है ।

(2) फाउन्डेशन परीक्षा या तो उत्तीर्ण कर चुका है या इन विनियमों के तहत फाउन्डेशन परीक्षा उत्तीर्ण करने से छूट प्राप्त कर सका हो ।

बशर्ते जिन स्नातकों ने ऐन्ट्रेंस परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है उन्हें आडिट क्लर्क के रूप में स्वयं को पंजीकृत कराए जाने के लिए ग्राह्य माना जाएगा ।"

XIV. विनियम 69 के वर्तमान उप–विनियम (5) को हटा दिया जाएगा,

XV. विनियम 72 के निवर्तमान उप–विनियम (2) में निम्न प्रकार मेर्त संशोधन किया गया है :—

"(2) औद्योगिक प्रशिक्षण की अवधि व्यवहारिक प्रशिक्षण की निर्धारित अवधि के अन्तिम वर्ष के मध्य 9 माह से 12 माह के मध्य होगा ।"

XVI. अनुसूची "ए" में वर्तमान फार्म "10" के उपरांत निम्नलिखित फार्म को जोड़ दें :—

"फार्म 10ए

(देखें विनियम 40)

अनुक्रमांक———————

दि इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स आफ इंडिया

(प्रतिरूप)

फाउन्डेशन परीक्षा प्रमाणपत्र

यह अभिप्रमाणित किया जाता है कि श्री/श्रीमती/कुमारी ———————निवासी———————ने इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स आफ इण्डिया द्वारा आयोजित फाउन्डेशन परीक्षा माह———————सन् 19———— में उत्तीर्ण कर ली है ।

आज दिनांक———————सन् 19————को इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टैन्ट्स आफ इंडिया की सामान्य मुहर के अन्तर्गत प्रदत्त

सील सचिव"

XVII. अनुसूची "बी" में—

(i) पैरा 1 के अन्त में निम्नलिखित नया पैरा जोड़ें, जैसे :—

(i) फाउन्डेशन परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र एवं पाठ्यक्रम

प्रश्नपत्र 1—लेखांकन के मौलिक तत्व

(एक प्रश्नपत्र–तीन घंटे–100 अंक)

ज्ञान का स्तर—बुनियादी ज्ञान

उद्देश्य : सैद्धांतिक ज्ञान प्राप्त कराने का विश्वास दिलाना जो व्यावसायिक परीक्षा की नींव मजबूत करने के उद्देश्य से पर्याप्त है ।

विस्तृत विषय वस्तु :

1. मापन विषय, आय विषय के रूप में एकाउंटिंग तथा सम्बद्ध एकाउंटिंग विचार । अर्थशास्त्र एवं सांख्यिकी से एकाउंटिंग का सम्बन्ध । समाज में एकाउन्टैंट की भूमिका ।

2. गलतियों के शुद्धिकरण सहित कच्चा चिट्ठा (ट्रायल बैलेंस) तैयार करने तथा अन्तिम एकाउन्ट्स (गैर–निगमित तत्व के लिए) तैयार करने के संबंध में एकाउंटिंग प्रक्रिया

3. मूल्य ह्रास एकाउंटिंग तथा उसकी पद्धतियां

4. इन्वेन्टरी वैल्यूशन

5. विशेष व्यवसाय कार्रवाई के लिए एकाउंटिंग

(ए) प्रेषण

(बी) संयुक्त जोखिम

(सी) औसतन नियम विधि, तथा

(डी) बिल्स आफ एक्सचेंज एवं प्रामिसरी नोट्स

6. सेल्फ बैलेंसिंग लेजर्स

7. भागीदारी एकाउन्टस में साधारण समस्याएं

8. प्राप्ति एवं भुगतान लेखा तथा आय एवं व्यय लेखा तथा तुलनपत्र जिसमें व्यावसायिक संस्थानों के लेखा भी सम्मिलित हैं।

प्रश्न पत्र–2–मर्केन्टाइल लॉ

(एक प्रश्नपत्र–समय 3 घंटे––100 अंक)

ज्ञान का स्तर : बुनियादी स्तर

उद्देश्य : विद्यार्थी को कानून संबंधी प्रावधानों की उन शाखाओं का ज्ञान हासिल कर लिया है जिसके लिए वे अपने व्यावसायिक कार्यों के सामान्यतः लगे रहते हैं––इस बात का विश्वास दिलाना होगा।

विस्तृत विषय वस्तु :

1. भारतीय अनुबन्ध अधिनियम, 1872 जिसमें इन्डेमिनिटी तथा गारंटी, बैलमेंट एवं प्लेज एवं एजेंसी शामिल हैं।

2. भारतीय भागीदारी अधिनियम, 1932

3. वस्तु बिक्री अधिनियम, 1930

प्रश्न पत्र–3 गणित एवं सांख्यकी

(एक प्रश्नपत्र––समय– 3 घंटे––100 अंक)

ज्ञान का स्तार : बुनियादी ज्ञान

उद्देश्य : इस बात का विश्वास दिलाना कि विद्यार्थी में इस आशय का बुनियादी समझ है कि उसने व्यवसाय समस्याओं के संबंध में उनके प्रारम्भिक क्रियान्वयन तथा महत्वपूर्ण परिमाणात्मक उपकरण के बारे में जानकारी हासिल कर ली है।

विस्तृत विषय वस्तु :

(अनुभाग ए––गणित–अंक 50)

1. अंक आधार एवं दोहरा अंक गणित, प्रदत्त आधार का परिवर्तन, दोहरी भिन्न।

2. डालनियर, क्वेडरेटिक, एक्सपोनेंटियल एवं लागरिथमिक फंक्सन। ब्रेक-ईवन प्वांइट्स का विचार एवं निर्धारण

3. सीरीज सहित अंक गणित एवं रेखागणित अनुक्रम

4. क्रम परिवर्तन एवं जोड़

5. मैट्रीसेस–अर्थ और संचालन, मैट्रीक्स इन्वर्जन, मैट्रीक्स इन्वर्जन द्वारा तथा पाइवोटल रिएक्शन पद्धति द्वारा भी लाइनियर समीकरण की प्रणाली का समाधान।

6. दी परिवर्तनशील लाइनियर विषमताओं के ग्राफ

7. कैलकुलस

(ए) ट्रिगनोमैटरी का प्रारंभिक ज्ञान :––विद्यार्थी को इंटगरल कैलकुलस सीखने के लिए प्रोत्साहन देना जो उद्धृत एंगिल, अतिरिक्त फार्मूले, मल्टीपल एवं सब मल्टीपल एंगिल्स, ट्रांसफोरमेशन आफ सम्स इंटू प्रोडक्शन एवं विलोमतः इन्वर्स सर्कुलर की परिभाषा से संबंद्ध ट्रिगनोमैट्रिक रेशो की सहायता से किए गए हों।

(बी) एलीमेंटस आफ डिफ्रेनशिशएशन, सिंपल एप्लीकेशन आफ डिफ्रेन्शियल को–एफिशिएन्टस, मेक्सीमा एवं मिनीमा आफ यूनीवेरिएट फंक्शन्स, रूल्स, आफ अन्टीग्रेशन फार इनडेफिनिट एंड डेफीनिट इंटीगरल्स। एकाउंटिंग एवं बिजनेस समस्याओं के संबंध में सिम्पल एप्लीकेशन आफ इंटीग्रेशन।

(अनुभाग बी––सांख्यिकी––अंक 50)

1. आंकड़ों का वर्गीकरण एवं तालिकाबद्ध

2. सेंट्रेल टेंडेंसी एवं डिस्पर्जन के मानदंड

3. कोरिलेशन एवं रिग्रेशन (लाइनियर एवं बाईवेरियेट केवल)

4. प्रोबेबिलीटी एवं एक्सेपेक्टेड वैल्यू

5. सैद्धान्तिक वितरण के तत्व––बाईनोमियल फाईससन नार्मल

6. मानक त्रुटियों का विचार, इंटरवल एस्टीमेशन डिटरमिनेशन आफ सैम्पस साइन, अस्ट्स आफ हाईपोथिसिस, एनालिसिस आफ वेरिएंस

7. टाइम सीरीज एवं फोर कास्टिंग

8. इंडेक्स नम्बर्स

9. स्टेटिस्टिकल्स डिसीजन थ्योरी, पे–आफ एण्ड रिग्रेट मैट्रीसेस

सम्भाषना के बिना निर्णय लेना तथा संभावना सहित निर्णय लेना।

प्रश्न पत्र 4––अर्थशास्त्र

(एक प्रश्नपत्र–समय 3 घंटे––अंक–100)

ज्ञान का स्तर : बुनियादी

उद्देश्य : (1) एकाउन्टेंटस के लिए उपयोगी सीमा तक अर्थशास्त्र के सिद्धान्त के गठन का बुनियादी ज्ञान, तथा

(2) इस बात का विश्वास दिलाना कि विद्यार्थी देश के आर्थिक विकास से सुपरिचित है जो उस समय की सरकार जिसमें अर्थव्यवस्था लागू की गयी है, से संबंधित है।

विस्तृत विषय वस्तु :

माइक्रो अर्थशास्त्र

1. अर्थशास्त्र की प्रकृति एवं उसका क्षेत्र, अर्थशास्त्र मॉडेल्स एवं उनके प्रयोग।

2. मांग और पूर्ति, मांग और पूर्ति के नियम, मांग और पूर्ति की मूल्य सापेक्षता, मांग और पूर्ति को प्रभावित करने वाले तथ्य, मांग की भविष्यवाणी।

3. उत्पादन का अर्थ, उत्पादन के तत्व, उत्पादन के मापक्रम, लॉ आफ रिटर्न मेजर कम्पोनेंट्स आफ कास्ट्स।

4. बाजार के अर्थ, बाजार के प्रकार, मूल्य के सिद्धान्त एवं विभिन्न बाजार प्रारूप एवं विभिन्न अर्थशास्त्र पद्धति में उत्पादन निर्धारित।

भारतीय माइक्रो अर्थशास्त्र पर्यावरण

1. भारत में आर्थिक विकास—जनसंख्या एवं आर्थिक विकास।

2. भारत में कृषि एवं उद्योग की सामान्य रूपरेखा, भारत में आर्थिक प्रगति के लिए उद्योग एवं कृषि के अन्योन्याश्रित संबंध।

3. सरकार की औद्योगिक नीति, भारत में औद्योगिक विकास—समस्याएं एवं संभावनाएं।

4. भारत में राष्ट्रीय आय—सिद्धान्त एवं क्रियान्वयन

5. भारत में वित्तीय नीति

6. भारतीय आर्थिक सिद्धान्त—वाणिज्यिक बैंकों एवं भारतीय रिजर्व बैंकों के क्रियाकलाप।

7. भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार—निर्यात एवं आयात, व्यापार के शेष एवं भुगतान।

(ii) पैरा 2 के अंत में निम्नलिखित नया पैरा जोड़ें; जैसे :—

"(2ए)" : इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र एवं पाठ्यक्रम

समूह—1

प्रश्नपत्र 1—एडवांस्ड एकाउंटिंग

(एक प्रश्नपत्र—समय 3 घंटे—अंक 100)

ज्ञान का स्तर : कार्यकारी ज्ञान

उद्देश्य : विद्यार्थी की इस आशय की योग्यता की परीक्षा लेना कि वह प्रचलित कानूनी अपेक्षाओं एवं व्यावसायिक मानकों के अनुसार व्यावसायिक तथा अन्य संस्थानों के वित्तीय मामलों एवं आर्थिक सौदों को प्रभावित करने वाले एकाउंटिंग रिकार्ड्स एवं अंतिम एकाउन्टस तैयार कर सकने के योग्य है।

विस्तृत विषय वस्तु :

1. विभागीय एकाउन्ट्स एवं शाखा एकाउन्ट्स (विदेशी शाखाओं सहित) रायल्टी, किराया-खरीद एवं किस्त आधार पर बिक्री सौदे, इन्वैस्टमेंट एकाउन्ट्स पैकेजेज एवं एम्पटीज, गुड्स ओन सेल अथवा रिटर्न बायेज एकाउन्ट्स, कान्ट्रेक्ट एकाउन्ट्स, स्टाक की क्षति के लिए बीमा दावों का आंकलन।

2. कृषि फर्मों के एकाउन्ट्स।

3. भागीदारी एकाउन्ट्स की उच्चस्तरीय समस्यायें।

4. कम्पनी एकाउन्ट्स, शेयर्स एवं डिबैंचर्स का निर्गमन एवं शेयर्स तथा डिबैंचर्स की पुनः प्राप्ति, कम्पनी के अंतिम एकाउन्ट्स तैयार करना।

5. बैंकिंग, बीमा एवं निजी कम्पनियों के अंतिम एकाउन्ट्स तैयार करना।

6. विलयन, समावेशन एवं पुनर्गठन संबंधी साधारण समस्याएं।

7. स्टेटमेंट आफ अफेयर्स (जिसमें डिफीशेंसी/सरप्लस एकाउन्ट्स सम्मिलित हैं) तथा कम्पनी बंद करने संबंधी परिसमापन के स्टेटमेंट आफ एकाउन्ट्स।

8. अपूर्ण रिकार्डों से एकाउन्ट्स तैयार करना (सिंगल एंट्री)

9. साधारण रेशो एनालिसिस

10. सरकारी एकाउन्टिंग पद्धति की प्रस्तावना।

प्रश्न पत्र—2 आडिटिंग

(एक प्रश्नपत्र—समय 3 घंटे—अंक 100)

ज्ञान का स्तर : कार्यकारी ज्ञान

उद्देश्य : आडिटिंग की तकनीक, एवं प्रक्रिया तथा सामान्य व्यवसाय परिस्थितियों में उनके क्रियान्वयन की योग्यता के संबंध में विद्यार्थी की समझ का परीक्षण करना।

विस्तृत विषय वस्तु :

1. आडिटिंग :—प्रकृति और क्षेत्र, आडिट प्रक्रिया, आडिट के उद्देश्य, आडिट से संबंधित मूल सिद्धान्त, आडिट के प्रकार, अन्य विषयों के साथ आडिट का संबंध, इंटरन आडिट तथा एक्सटरनल आडिट।

2. आडिट का संचालन :—आडिट कार्यक्रम, वर्किंग पेपर्स, आडिट नोट बुक्स, आडिट फाइल्स—स्थायी आडिट फाइल्स।

3. आडिट एवीडेंस, फिजिकल वेरीफिकेशन, डॉकूमेंटेशन, स्कैनिंग, डायरेक्ट कनफर्मेशन, सिकम्प्यूटेशन, प्रमाणपत्र प्राप्त करना।

4. आंतरिक नियंत्रण पद्धति का आंकलन —विस्तृत चैकिंग की आवश्यकता और उसका प्रभाग।

5. परख चैकिंग—परख (टैस्ट) चैकिंग की पद्धतियां—टेटिस्टिकल सैम्पलिंग के घटक।

6. भुगतान का आडिट —सामान्य विचार पारिश्रमिक पूंजीगत व्यय अन्य भुगतान एवं खर्चे—छोटे मोटे नगर भुगतान, बैंक में और बाहर भुगतानों का आडिट रोकड खाते के साथ बैंक विवरण का मिलान ।

7. रसीदों का आडिट—सामान्य विचार-नगर बिक्री-ऋणों से प्राप्ति अन्य प्राप्तियां ।

8. खरीदों का आडिट :—नगद और उधार खरीदों की वाउचिंग—फार्वर्ड खरीद—परचेज रिटर्नस ।

9. बिक्रियों का आडिट—नकद व उधार बिक्री माल प्रेषण— स्वीकृति आधार पर बिक्री किराया खरीद अनुबंध के तहत बिक्री-लौटाए जाने वाले पात्र (कन्टेनर)—उपभोक्ताओं को दी जाने वाली विभिन्न छूटें—सेल्स रिटर्नस-सेल्स लेजर ।

10. आडिट आफ सप्लायर्स लेजर एवं डैटर्स लेजर—सैल्फ बैलेंसिंग एवं सेक्शनल बैलेंसिंग प्रणाली—कुल अथवा नियंत्रित एकाउन्ट्स लूज लीफ एवं कार्ड लेजर्स-उधार उपभोक्ताओं तथा आपूर्तिकर्त्ताओं से कन्फर्मेटरी स्टेटमेंट न चुकता किए जाने वाले संदेहास्पद ऋणों के लिए प्रावधान ।

11. आडिट आफ इमपर्सेल लेजर-पूंजीगत व्यय, बट्टे खाते वाले आय व्यय एवं आय व्यय-बकाया खर्चे एवं आय-मरम्मत एवं नवीनीकरण-रिजर्वस तथा प्राविजन्स के मध्य अंतर एकाउंटिंग के आधार में परिवर्तन स्वरूप अर्थापित्ति ।

12. पूंजी का मूल्यांकन एवं जांच—सामान्य सिद्धान्त अचल पूंजी रद्द पूंजी वर्तमान पूंजी, जिसमें कैश-इन-हैन्ड तथा बैंक में दोनों सम्मिलित—है । इन्वेस्टमेंटस इन्वेन्ट्रीज-फ्रीहोल्ड तथा लीज की सम्पत्ति, ग्रहण प्राप्त होने वाले बिल्स, विधि, ऋण, संयंत्र तथा मशीनरी, पेटेन्ट्स

13. देयताओं की जांच

14. अपूर्ण रिकार्डों की आडिट

15. विभिन्न प्रकार के संस्थानों अर्थात शैक्षित संस्थानों, होटल्स, क्लबों अस्पतालों, किराया खरीद तथा लीजिंग, कम्पनियां इत्यादि (जिसमें बैंक, बिजली कम्पनियां, सहकारी समितियां तथा बीमा कम्पनियां सम्मिलित नहीं है के आडिट के संबंध में विशेष बिन्दु ।

16. लिमिटेड कम्पनियों का आडिट :—आडिटर्स की नियुक्ति, आडिटर्स को हटाना, आडिटर्स के अधिकार तथा कर्तव्य, आडिटर्स प्रतिवेदन, शेयर पूंजी का आडिट, शेयरों का हस्तांतरण ।

17. सरकारी आडिट की विशेषताएं—कम्पट्रोलर एंड आडिटर जनरल और उसकी वधानिक भूमिका—सरकार आडिटिंग के मूल सिद्धान्त ।

18. ई० डी० पी० वातावरण में आडिटिंग—मूल विचार ।

प्रश्न पत्र-3 निगमित तथा अन्य अधिनियम

(एक प्रश्नपत्र—समय तीन घंटे—100 अंक)

ज्ञान का स्तर : कार्यसाधक ज्ञान

उद्देश्य : कतिपय निगमित एवं अन्य नियमों के उपबन्धों के साधारण बोध की जांच तथा उनका व्यावहारिक परिस्थितियों में अनुप्रयोग ।

विस्तृत विषय वस्तु :

1. दि कम्पनी एक्ट, 1956 धारा 1 से 145

2. दि नेगोशिएबल एन्स्ट्रूमेंट एक्ट 1881

3. दि पेमेंट आफ बोनस एक्ट 1963

निम्नलिखित अधिनियमों का मूलभूत ज्ञान

4. दि पेमेंट आफ ग्रेच्युटी एक्ट 1972

5. दि एम्पलाईज प्राविडेंट फण्ड एंड मिसलेनियस प्रोविजंस एक्ट 1952

6. दि सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860

7. दि को-आपरेटिव सोसाइटीज एक्ट 1912

ग्रुप-II

प्रश्न पत्र 4—लागत लेखा विधि (कोस्ट एकाउंटिंग)

(एक प्रश्नपत्र—3 घंटे—100 अंक)

ज्ञान का स्तर : कार्यसाधक ज्ञान

उद्देश्य : लागत आंकलन संकल्पनाओं की समझ कर निर्धारण तथा लागत आंकलन की विधियों तथा प्रक्रियाओं का अनुप्रयोग

विस्तृत विषय वस्तु :

1. लागत आंकलन का उद्देश्य, महत्व तथा लाभ, लागत संकल्पनाओं लागत आंकलन के प्रकार, लागत आंकलन पद्धति का प्रतिष्ठापन, एक अच्छी लागत आंकलन पद्धति की अनिवार्यताएं, लागत आंकलन तिथि तथा आर्थिक लेखा तिथि का स्तर, लागत आंकलन के मूल तत्व, लागत एकक एवं लागत केन्द्र

2. सामग्री :

(क) सामग्री क्रय करने की पद्धति, उसकी प्राप्ति तथा निरीक्षण ।

(ख) सामग्री का नियंत्रण, सामग्री नियंत्रण का उद्देश्य, सामग्री का वर्गीकरण तथा संहिताकरण, मालद्वीप नियंत्रण पद्धति, भंडार स्तर का नियतन, भंडार की अधिकतम तथा न्यूनतम सीमा, पुनरआदेश का परिमाण, पुनराआदेश की सीमा, ए० बी० सी०, दि कोष्ठ पद्धति, सतत मालसूची प्रणाली मालद्वीप का प्रत्यक्ष सत्यापन ।

(ग) सामग्री निर्गमन कार्यविधि सामग्री का बीजक, सामग्री की वापसी सामग्री का स्थानांतरण ।

(घ) भंडार के अभिलेख, कोष्ठ पत्र के भंडार खाता बही, विक्रेता तथा भंडार ग्रह को सामग्री की वापसी, सहित निर्गमित सामग्री का मूल्यांकन ।

(च) छीजन, रद्दी सामग्री, जीर्ण सामग्री, दोषपूर्ण तथा अप्रचलित सामग्री का लेखाकरण ।

(छ) उपकरणों, नमूनों, रूपांकनों, नीले नक्शों, ठप्पों तथा अल्प अवधि मूल्य की अन्य ऐसी ही परिसंपत्ति के नियंत्रण का लेखाकरण ।

3. श्रम

(क) श्रम लागत नियंत्रण तथा उसका महत्व, समय लेखा पद्धति, समय अंकण तथा उसके उद्देश्य, समय लेखन की पद्धतियां, समय गति अध्ययन ।

निष्कार्य समय तथा अतिरिक्त समय पर नियंत्रण तथा लागत लेखन में उसका निरुपण—श्रमिक आवर्त उसका कारण तथा मापन प्रणाली श्रमिक आवर्त का प्रभाव—श्रमिक आवर्त को न्यूनतम रखने के उपाय श्रमिक आवर्त की लागत तथा श्रमिक आवर्त की लागत का लेखन में निरुपण ।

(ख) बोनस तथा प्रेरणामूलक योजनाओं सहित मजदूरी के भुगतान की प्रणालियां, कार्य मूल्यांकन गण क्रमांकण कार्य मूल्यांकन की प्रणालियां ।

4. उपरिव्यय

(क) विनिर्माण उपरिव्यय का लेखाकरण तथा नियंत्रण, विनिर्माण उपरिव्यय का समूहीकरण तथा संहिताकरण, संग्रेह एवं विभागीकरण तथा पुनप्रभाजन, उपरिव्यय अंतर्लयन प्रणाली उपरिव्यय के अधिक तथा न्यून अंतर्लयन का निरुपण ।

(ख) प्रशासनिक विक्रय तथा वितरण संबंधी उपरिव्यय का लेखाकरण नियंत्रण ।

(ग) लागत लेखों में कुछ विशेष मदों जैसे मूल्ह्रास, पूंजी पर ब्याज, अनुसंधान तथा विकास व्यय, पैक्कारी व्यय तथा अनुषंगी हितलाभ आदि का निरुपण ।

5. लागत निर्धारण की प्रणालियां जैसे

(1) कार्य लागत निर्धारण
(2) अनुबंध लागत निर्धारण
(3) खेप लागत निर्धारण
(4) प्रक्रिया लागत निर्धारण—संयुक्त उत्पाद तथा उपोत्पाद
(5) एकांश लागत निर्धारण
(6) प्रचालन लागत निर्धारण तथा सांख्यिकीय लागत निर्धारण

6. (क) लागत आधार सामग्री तथा सूचनाओं की तैयारी तथा प्रस्तुतीकरण विशेषतया लागत आधार सामग्री को तालिकाबद्ध करना, लागत पत्रक तथा लागत विवरण लागत निर्धारण अभिलेख तथा नियमों का सामान्य परिचय (उद्योगानुसार ब्यौरा प्रत्याशित (नहीं) ।

(ख) लागत नियंत्रण लेखे, असमेकित लेखे, लागत तथा आर्थिक लेखों का समाधान लागत तथा आर्थिक लेखों की समेकित प्रणाली ।

7. सीमांत लागत आकलन, अर्ध परिवर्तनीय लागत का नियम, लागत तथा परिवर्तनीय लागत भागों में प्रथक्करण की प्रणालियां, संतुलन स्तर विश्लेषण की संकल्पना, मानक लागत आंकलन तथा प्रसरण विश्लेषण (प्रारंभिक समस्याएं) बजट नियंत्रण (प्रारम्भिक समस्याएं)

8. एक रूप लागत आंकलन तथा अंतः व्यवसाय प्रतिष्ठान तुलना

प्रश्न पत्र 5—आयकर तथा केन्द्रीय बिक्रीकर

(इंकम टैक्स तथा सैन्ट्रल टैक्स)

(एक प्रश्नपत्र—तीन घंटे—100 अंक)

ज्ञान का स्तर : कार्यसाधक ज्ञान

उद्देश्य : (क) विद्यार्थियों की आयकर नियम के मुख्यभागीय उपबन्धों के अंतर्निहित मूल सिद्धान्तों की जानकारी की जांच तथा आय के विभिन्न शीर्षकों के अन्तर्गत व्यक्ति की आय के अभिकलन में साधारण समस्याओं को हल करने में उनका अनुप्रयोग ।

(ख) यह जांचना कि क्या विद्यार्थियों ने केन्द्रीय बिक्री कर नियम के मूल सिद्धान्तों का कार्य साधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है ।

परिच्छेद क—आयकर (75 अंक)

विस्तृत विषय वस्तु

आयकर अधिनियम 1961 में दी गई कुछ महत्वपूर्ण परिभाषाएं जैसे कृषि, आय, कर निर्धारित, कर निर्धारण वर्ष, पूंजीगत परिसम्पत्ति, कम्पनी, भारतीय कम्पनी जिसमें जनता की मुख्य रूप से अभिरुचि है, धर्मार्थ उद्देश्य, भारतीय आय व्यक्ति, अल्पावधि पूंजीगत परिसम्पत्ति, हस्तांतरण ।

—पिछले वर्ष की संकल्पना

– प्रभार का आधार, आवासी हैसियत तथा पूर्ण आय का विषय क्षेत्र
– भारत में प्राप्त की गई मानी हुई/अर्जित हुई मानी गई आय
– आय जो कुल आय का भाग नहीं होती
– आय की मद तथा विभिन्न मदों में आय के अभिकलन से संबंधित अनुबंध

– अन्य व्यक्तियों की कुल आय का निर्धारिती की कुल आय में सम्मिलित करना ।

– आय का समूहन तथा हानि का समंजन या हानि का अगले लाभ से घाटा पूर्ति

– सकल आय में से कटौतियां

– आय कर प्राधिकारी, नियुक्तियां, नियंत्रण, अधिकार क्षेत्र तथा शक्ति

– निर्धारण की कार्यविधि, अपील तथा पुनरीक्षण, विद्यार्थियों से आशा की जाती है कि वे उपरोक्त क्षेत्रों में कर निर्धारिती से संबंधित साधारण समस्याओं को हल करेंगे ।

खण्ड ख—केन्द्रीय बिक्री कर (25 अंक)

केन्द्रीय बिक्री कर नियम–1956

प्रश्न पत्र 6—संगठन एवं प्रबन्ध एवं इलेक्ट्रोनिक डाटा प्रोसेसिंग के मूल तत्व

(एक प्रश्नपत्र–3 घंटे–100 अंक)

भाग–ए, संगठन एवं प्रबंध (50 अंक)

ज्ञान का स्तर : कार्यसाधक ज्ञान

उद्देश्य : यह सुनिश्चित करना कि विद्यार्थियों ने व्यावसायिक लेखापालों से संबंधित संगठन एवं प्रबंध के विभिन्न संकल्पनाओं तथा प्रकार्यों को हृदयंगम् कर लिया है ।

विस्तृत विषय वस्तु

1. भूमिका

संगठन एवं प्रबंध की मूल संकल्पनाएं संगठन का स्वरूप एवं प्रकार—संगठन के मूल तत्व तथा अर्थव्यवस्था एवं समाज में उनकी भूमिका, प्रबंध–एतिहासिक विकास-प्रबंध के सिद्धान्तिक परिप्रेक्ष्य–प्रबंध के तत्व, प्रक्रिया एवं प्रकार्य–संगठन एवं प्रबंध पर वातावरण का प्रभाव–संगठन के उद्देश्य-प्रबंध का सामाजिक दायित्व ।

2. आयोजन तथा निर्णय

आयोजन तथा निर्णयन की मूल संकल्पनाएं—प्रबंध के अन्य कार्यों से उनका संबंध—आयोजन तथा निर्णयन के तत्व, तकनीक तथा प्रक्रिया–आयोजन तथा निर्णयन के प्रकार–आयोजन तथा निर्णयन का कार्यान्वयन ।

3. संगठन तथा कर्मचारी भर्ती

संगठन तथा कर्मचारी भर्ती की मूल संकल्पनाएं–संगठन का संरचनात्मक रुपांकण तथा उसका महत्व, विभागीकरण, नियंत्रण की विस्तृत प्रत्यायोजन, केन्द्रीयकरण, अनुक्रम प्रबंधक इत्यादि संगठन की पारम्परिक एवं अर्वाचीन संरचनाएं-संगठन तथा कर्मचारी भर्ती के सिद्धान्त, लेखाकरण एवं वित्तीय प्रकार्यों में उसका अनुप्रयोग, डाटा संकल्पनाएं क्षेत्र, अभिलेख मिसिल तथा मिसिल संरचना ।

4. निर्देशन तथा नेतृत्व

मूल संकल्पनाएं तथा तकनीक, संप्रेषण, अभिप्रेरण तथा नेतृत्व, प्रक्रिया तथा दृष्टिकोण-संगठनात्मक व्यवहार की संकल्पना, सिद्धान्त तथा अनुप्रयोग ।

5. नियंत्रण तथा समन्वय

नियंत्रण तथा समन्वय की मूल संकल्पनाएं, तत्व प्रक्रिया एवं तकनीक ।

खण्ड ख–इलैक्ट्रोनिक डाटा प्रोसेसिंग के मूल तत्व

(50 अंक)

ज्ञान का स्तर—बुनियादी जानकारी

उद्देश्य : इलैक्ट्रोनिक डाटा प्रोसेसिंग के स्थूल स्वरूप तथा मूल तत्वों की जानकारी तथा गुण विवेचन सुनिश्चित करना ।

विस्तृत विषय वस्तु

1. डाटा प्रोसेसिंग के तत्व—डाटा, सूचना आगत, (इनपुट) संसाधन (प्रोसेसिंग) तथा उत्पाद (आउटपुट)

2. कम्प्यूटर्स तथा उनकी विशेषताएं, कम्प्यूटरों का संक्षिप्त इतिहास, कम्प्यूटर हार्डवेयर–कम्प्यूटर की आधारभूत संक्रियाएं–मुख्य ढांचे–लघु कम्प्यूटर्स–माइक्रो कम्प्यूटर्स ।

3. आगत उपकरण–चुम्बकीय टेप, चुम्बकीय डिस्क, फ्लोपी-डिस्क, एम० आई० सी० आर०, ओ० सी० आर०, वी डी० यू० आदि ।

– आउटपुट उपकरण–प्रिन्टर्स, वी० डी० यू०, कम्प्यूटर आउटपुट, माइक्रोफिल्मिंग

– ट्रमिनल्स तथा डाटा कम्यूनिकेशन–नेटवर्कस,-डिस्ट्रिब्यूटिड सिस्टम्स

– सोफ्टवेयर–सिस्टम्स, अनुप्रयोग साफ्टवेयर, स्पेसिफिकेशन सोफ्टवेयर

– इलैक्ट्रोनिक स्परेड शीट, वर्ड प्रोसेसिंग, डाटा बेस मैनेजमेंट सिस्टम

– डाटा रिप्रेजैंटेशन–वाईनरी, बी० सी० डी० ओक्टल हैक्साडेसीमिल, ई० बी० सी० डी० आई० सी० तथा ए० एस० सी० आई० आई०

– कम्प्यूटर मैमोरी के प्रकार, कोर, सेमीकंडक्टर, आर० ए० एम०, आर० ओ० एम० बबल, मैमोरी एड्रेसिंग से सम्बन्धित संकल्पनाएं ।

4. कम्प्यूटर प्रोसेसिंग तकनीक, बैच प्रोसेसिंग, ऑन लाईन प्रोसेसिंग, मल्टी प्रोग्रामिंग, टाइम शेयरिंग, वास्तविक टाइम प्रोसेसिंग, डाटा बेस डिस्ट्रिब्यूटिड बनाम सैन्ट्रलाइज्ड डाटा बेस के विशेष लक्षण ।

व्यावसायिक कम्प्यूटरों से संबंधित कम्प्यूटर टैक्नोलोजी में अति आधुनिक उन्नति :

5. फ्लोचार्टस से परिचय सिस्टम्स फ्लोचार्टस, रन फ्लो चार्टस, प्रोग्राम फ्लो चार्टस, उदहारण, लाभ तथा परिसीमाएं

6. कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग से परिचय, कम्प्यूटर भाषाओं की सोपानिकी बोबेल तथा बेसिक भाषाओं का प्रयोग करते हुए साधारण प्रोग्रामिंग लेखन ।

(iii) पैराग्राफ 3 के अंत में निम्नलिखित पैराग्राफ जोड़ें, जैसे :—

3क—अंतिम परीक्षा के लिए प्रश्नपत्र तथा पाठ्यक्रम

ग्रुप I

प्रश्नपत्र 1—उच्चस्तरीय लेखाविधि

(एक प्रश्न पत्र—तीन घटे—100 अंक)

ज्ञान का स्तर : विशेष ज्ञान

उद्देश्य : विद्यार्थियों की लेखाविधि संबंधी व्यावसायिक स्तर, सिद्धान्त एवं प्रक्रिया तथा विभिन्न व्यवहारिक स्थितियों में उनके अनुप्रयोग की क्षमता को जांचना ।

विस्तृत विषय वस्तु

1. कम्पनी लेखाकरण की उच्चस्तरीय समस्याएं

2. संलयन, अंतर्लयन तथा पुनर्रचना की उच्चतर समस्याएं

3. कारोबार तथा शेयरों का मूल्यांकन

4. नियंत्रक कम्पनी के समकित लेखे

5. लेखाकरण का स्तर, विभिन्न लेखों संबंधी पक्षों पर संस्थान द्वारा जारी किए गए विवरण तथा निर्देशात्मक टिप्पणियां तथा उपरोक्त विषयों के संदर्भ में उनका अनुप्रयोग ।

6. लेखाकरण में विकास, मुद्रास्फीती समायोजित लेख, मानव संसाधन लेखाकरण, सामाजिक लेखाकरण एवं मूल्य सहित विवरण ।

7. आर्थिक विवरणों की परिसीमाएं—आर्थिक डाटा के अर्थ निर्णय तथा विश्लेषण सहित आर्थिक विवरणों का अर्थ निर्णय एवं विश्लेषण, अनुपातिक विश्लेषण, दो विभिन्न अनुपातों द्वारा प्रति जांच, अनुपातों की परिसीमाएं, विवरणों का तुलनात्मक विश्लेषण तथा अंत: प्रतिष्ठान तुलना ।

8. नकदी प्रवाद, निधि के उद्गम तथा अनुप्रयोग संबंधी विवरण ।

9. गैर लाभार्जन करने वाली संस्थाओं तथा जन सेवाओं के लेखाकरण के विशेष लक्षण ।

प्रश्नपत्र 2—प्रबंधक लेखाकरण एवं वित्तीय विश्लेषण

(एक प्रश्नपत्र—तीन घंटे—100 अंक)

ज्ञान का स्तर : विशेष ज्ञान

उद्देश्य : यह जांच करना कि क्या विद्यार्थियों ने सामाजिक क्षेत्र के उपक्रमों सहित संगठनों के प्रबंध लेखाकरण तथा संबंधित प्रबंध संबंधी निर्णयन की संकल्पनाओं तथा तकनीक की जानकारी प्राप्त कर ली है ।

विस्तृत विषय वस्तु

1. वित्तीय प्रबंध का अर्थ, महत्व तथा उद्देश्य—प्रबंधक के कार्य

2. अल्पावधि तथा दीर्घावधि वित्तीय आयोजन तथा पूर्वानुमान

प्रारम्भिक औद्योगिक बीकारी का पूर्वकथन—प्रचालन तथा वित्तीय लीवरेज लागत आयतन लाभ विश्लेषण ।

3. चालू पूंजी का प्रबन्ध—रोकड़ प्रबन्ध होने वाली प्राप्तियों का प्रबंध सूची प्रबंध और धन लागाना या चालू पूंजी

4. दीर्घावधि तथा अल्पावधि—वित्त व्यवस्था केश्रोत, बोनस शेयरों सहित पूंजी जारी करने पर नियंत्रण, पूंजी संरचना, अंश लाभ की नीति—पट्टा वित्त व्यवस्था—शेयरों तथा प्रतिभूतियों का जारी करना, प्रतिभूतियों को सूचीबद्ध करना

5. पूंजी का बजट बनाना—परियोजना प्रतिवेदन तैयार करना वित्तीय प्रक्षेपण — पै बैक प्रणाली सहित पूंजीगत परियोजनाओं के मूल्यांकन की तकनीक—प्रतिफल की दर—बट्टागत नकद प्रवाह—वर्तमान मूल्य तथा आंतरिक प्रतिफल की दर प्रणालियां—पूंजी न्याय बाटन (राशनिंग) पूंजीगत बजट बनाने में तथा जोखिम निवेश में जोखिम विश्लेषण— सामाजिक लागत लाभ विश्लेषण, पूंजी के बजट नियंत्रण में नेटवर्क तकनीक पी० ई० आर० टी० तथा सी० पी० एम०

6. पूंजी की लागत—पूंजी के विभिन्न स्त्रोतों की लागत—पूंजी की भारित औसत लागत—पूंजी की सीमान्त लागत ।

7. बजट तथा बजट नियंत्रण—मूल बजट की ओर अग्रसर होने के लिए उत्तरदायित्व बजट समेत प्रकार्यात्म बजट, नियम तथा नम्य बजट—निष्पादन बजट शून्य आधारित बजट बनाना, विभिन्न स्तरों पर निष्पादन प्रतिवेदन करना ।

8. बैंकों तथा वित्तीय संस्थानों से सर्वाधिक कर्जों की बातचीत करना भारतीय वित्तीय संस्थानों द्वारा सर्वाधिक कर्जों की समीक्षा ।

9. निवेश विभाग का प्रबंध—प्रतिभूतियों का चुनाव—बेचने तथा खरीदने के निर्णय का समय ।

10. सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के वित्तीय प्रबंध के विशेष लक्षण ।

11. मुद्रास्फीती तथा वित्तीय प्रबंध

12. निर्गमित कर व्यवस्था तथा उसका निर्गमित वित्त व्यवस्था पर प्रभाव

13. अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय प्रबंध से परिचय—अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय साधन जुटाना तथा विनिमय दर—जोखिम, प्रबंध, विदेशी मुद्रा में सौदे ।

प्रश्नपत्र 3—एडवांस्ड एवं मैनेजमेंट आडिटिंग

(एक प्रश्नपत्र—तीन घंटे—100 अंक)

ज्ञान का स्तर : विशेषज्ञ स्तर

उद्देश्य : यह जांचना कि क्या विद्यार्थियों ने चालू लेखा परीक्षण प्रथाओं तथा प्रक्रियाओं का गहन ज्ञान प्राप्त कर लिया है और क्या वे उन्हें विविध प्रकार की व्यवहारिक परिस्थितियों में प्रयोग कर सकते हैं ।

विस्तृत विषय वस्तु

1. लेखा परीक्षण का आयोजन तथा कार्यक्रम बनाना लेखा परीक्षण कार्य के प्रवाह का आयोजन अन्तरिम लेखा परीक्षण, अंतिम लेखा परीक्षा, सहायकों के विभिन्न स्तरों के बीच काम बंटवारा—पर्यवेक्षण की समस्याएं—लेखा परीक्षण टिप्पणियों तथा कार्यपत्रों का पुनर्निरीक्षण प्रधान का अंतिम उत्तरदायित्व प्रत्यायोजन का प्रश्न लेखा परीक्षण कार्य गुणवत्ता पर नियंत्रण, अन्य लेखा परीक्षक/आन्तरिक लेखा परीक्षक/किसी विशेषज्ञ पर विश्वास ।

2. आन्तरिक नियंत्रण तथा आन्तरिक लेखा परीक्षण आन्तरिक नियंत्रण प्रक्रिया का मूल्यांकन—प्रश्नावली तथा प्रवाह चार्ट सहित तकनीक आन्तरिक तथा वाह्यक लेखा परीक्षण, दोनों में समन्वय ।

3. विशेष लेखा परीक्षण तकनीक

चयनात्मक सत्यापन, सांख्यिकीय नमूना चयन—विशेष लेखा परीक्षण प्रक्रियाएं—परिसंपत्ति के भौतिक उत्पादन की साक्षी करना, देनदारों तथा लेनदारों का सीधा वृतुलीकरण (सरकुलाइजेशन)

खातों का सकल आधार पर पुनर्निरीक्षण—वित्तीय स्थिति विवरण का लेखा परीक्षण—अनुपात विश्लेषण आदि, लेखा परीक्षण की कार्य पटुता में सुधार—पद्धति लेखा परीक्षण एवं जोखिम आधारित शेख परीक्षण ।

4. सीमित दायित्व वाली कम्पनियों का लेखा परीक्षण

(क) लेखा परीक्षक का उत्तरदायित्व बनाम

(1) कम्पनी नियम के अन्तर्गत संवैधानिक उत्तर दायित्व ।

(2) शाखाओं का लेखा परीक्षण

(3) संयुक्त लेखा परीक्षण

(ख) कम्पनियों के लेखा परीक्षण के संदर्भ में सत्य तथा उचित एवं महत्वपूर्णता की संकल्पनाएं,

(ग) प्रबंध से सूचनाएं तथा व्याख्याएं प्राप्त करने का महत्व तथा उन पर विश्वास करने की मात्रा

(घ) लेखा परीक्षण प्रतिवेदन—शर्तें खातों पर टिप्पणियां, खातों पर टिप्पणियों तथा शर्तों में अंतर, प्रबंधकों को संवैधानिक लेखा का परीक्षण द्वारा विस्तृत लेखा टिप्पनी बनाम सदस्यों को सूचित करने का दायित्व विवरण पत्रिका के लिए विशेष प्रतिवेदन ।

(च) अंश लाभ तथा विभाज्य लाभ मूल्यह्रास के विशेष संदर्भ में वित्तीय विधिक तथा नीति संबंधी अनुचिंतन ।

5. सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लेखा परीक्षण में विशेष बिन्दु—धारा 619 के अन्तर्गत कम्ट्रोलर एण्ड आडीटर जनरल द्वारा दिए गए निर्देश औचित्य तथा कार्य क्षमता लेखा परीक्षण की संकल्पनाएं

6. विशेष लेखा परीक्षण

7. लागत शेखा परीक्षण

8. प्रमाणीकरण

बोनस की अदायगी नियम/आयात/निर्यात प्राधिकारियों के अन्तर्गत दिए गए प्रमाण पत्र, प्रमाण पत्र तथा प्रतिवेदन का अंतर, गैर लेखा परीक्षण ग्राहकों को निर्दिष्ट सेवा

9. अन्वेषण

अंतर्लयन पुर्नसंरचना तथा कारोबार के बेचने खरीदने जैसी योजनाओं के संदर्भ में अन्वेषण ।

10. आयकर नियम के विभिन्न उपबन्धों के अन्तर्गत लेखा परीक्षण ।

11. बैंकों, बीमा कम्पनियों तथा सहकारी समितियों के लेखा परीक्षण का विशेष अभिलक्षण

12. विवरण/मानक तथा निर्देशन टिप्पिणयां, लेखाकरण मान, लेखाकरण तथा लेखा परीक्षण के मामलों से संबंधित संस्थान द्वारा जारी किए गए लेखा परीक्षण संबंधी पृथाओं पर विवरण तथा निर्देशन टिप्पणियां—साधारणतया स्वीकृत लेखा परीक्षण पृथाओं की संकल्पना और उनके संदर्भ में लेखा परीक्षण तथा उसका महत्व ।

13. लेखा परीक्षक के अधिकार, कर्तव्य एवं दायित्व—अन्य पक्ष के प्रति दायित्व प्रकृति तथा सीमा ।

14. वृत्तक नीति शास्त्र तथा व्यवहार संहिता ।

15. संक्रियात्मक प्रबंध एवं लेखा परीक्षण की संकल्पना—इसकी प्रकृति एवं उद्देश्य संगठन लेखा परीक्षण कार्यक्रम—व्यावहारात्मक समस्याएं

16. आंतरिक नियंत्रण का पुर्ननिरीक्षण, क्रय संक्रिया, विनिमय, परिचालन, विक्रय तथा वितरण, कार्मिक नीतियां, प्रणाली तथा प्रक्रिया समेत प्रबन्ध एवं प्रचालन लेखा परीक्षण के निर्दिष्ट क्षेत्र ।

17. बैंक से ऋण लेने वालों का लेखा परीक्षण, स्टाक एक्सचेंज के दलालों का लेखा परीक्षण जैसे विशेष लेखा परीक्षण नियम कार्य ।

18. संगणक लेखा परीक्षण, ई० डी० पी० लेखा परीक्षण की विशिष्ट समस्याएं, आंतरिक नियंत्रण, विशेषतया प्रक्रिया नियंत्रण तथा सुविधा नियंत्रण के पुनर्निरीक्षण की आवश्यकता, ई० डी० पी० निर्गत के लेखा परीक्षण की तकनीक आंतरिक तथा प्रबन्ध लेखा परीक्षण उद्देश्यों के लिए संगणक का प्रयोग—जांच गड्ढिया (टैस्ट पैक्स) संगणकीय लेखा परीक्षण कार्यक्रम, संगणक पद्धति को लागू समय लेखा परीक्षक की अंतर्भावितता ।

प्रश्नपत्र—निगमित नियम एवं सचिविक प्रैक्टिस

(एक प्रश्नपत्र—तीन घंटे—100 अंक)

ज्ञान का स्तर : विशेषज्ञ ज्ञान

उद्देश्य : विद्यार्थी की कम्पनी अधिनियम तथा संबंधित कानूनों की तथा उनके व्यावहारिक प्रयोग की जानकारी की जांच करना ।

विस्तृत विषय वस्तु

1. दि कम्पनीज एक्ट 1956 (धारा 146 के अंत तक)
2. दि मोनोपोलिस एण्ड रेस्ट्रिक्टिव ट्रेड प्रैक्टिसिस एक्ट 1969
3. दि फोरेन एक्सचेंज रेगुलेशन एक्ट 1973
4. दि कैपीटल इशूज (कन्ट्रोल) एक्ट 1947 तथा उसके अधीन जारी किए गए छूट के आदेश
5. दि सिक इंडस्ट्रीज कम्पनी (स्पैशल प्रोविजन्स) एक्ट 1985
6. कानून विलेश एवं प्रलेश के अर्थ निरूपण के नियम
7. सचिविक पद्धति एवं अभ्यास का अभिकलन ।

ग्रुप—II

प्रश्नपत्र 5—उच्चस्तरीय लागत श्रोताविधि एवं लागतविधि

(एक प्रश्नपत्र—तीन घंटे—100 अंक)

जानकारी का स्तर : विशेषज्ञ ज्ञान

उद्देश्य : विद्यार्थियों की लागत लेखा विधि के सिद्धान्तों एवं प्रक्रिया की समझ तथा प्रबंध संबंधी निर्णयन के लिए विभिन्न स्थितियों में उनका प्रयोग करने की क्षमता की जांच करना ।

विस्तृत विषय वस्तु

1. लागत वर्गीकरण एवं विशेषण

2. निर्णयन में लागत संकल्पना—संगत लागत, विभेद लागत, वर्तमान लागत, तथा विकल्प लागत ।

3. सामान्य लागत—सीमान्त लागत एवं अवशोषण लागत का अंतर, संतुलन स्तर विश्लेषण, लागत आयतन, लाभ विश्लेषण संतुलन स्तर चार्ट, अंशदायी, सीमा तथा निर्णयन से संबंधित समस्याएं जैसे—"बनाए या खरीदे", कामबंदी जा जारी रखना "विस्तार या संकोचन", विशेष अवस्थाओं में मूल्य निर्धारण, उत्पाद संबंधी निर्णय ।

4. निर्णयन की समस्याएं जैसे, "रखें या बदले", "मरम्मत करवायें या नया बनाएं", "अभी या बाद में", "परिवर्तन अथवा पूर्वत", "बेचे या प्रक्रिया करें", "अपना खरीदे या किराए पर लें", "बेचे या रद्दी कर दे या रखें", "मूल्य संबंधी निर्णय, उत्पाद संबंधी निर्णय, विपणन तथा वितरण संबंधी निर्णय, उत्पाद विकास, प्रतियोगात्मक मूल्य निर्धारण, विभेदक मूल्य तथा बट्टे तथा मूल्य निर्धारण/विपणन दाँवपेच ।

5. लागत निर्धारण से भिन्न, लागत नियंत्रण छीजन पर नियंत्रण, रद्दी, रद्दी उत्पाद तथा दोषपूर्ण उत्पाद ।

6. प्रबंध नियंत्रण—उत्तरदायित्व लेखाकरण, लागत, लाभ तथा निवेश केन्द्र, अंशदान दृष्टिकोण का प्रयोग करते हुए स्थानांतरण मूल्यांकन की समस्याएं ।

7. मानक लागत निर्धारण तथा प्रसरण विश्लेषण, सामग्री, श्रम तथा उपरिव्यय, प्रसरण का समाधार लेखन ।

8. लागत में कमी—लागत कमी के तकनीक जैसे कार्य अध्ययनय समय तथा गति अध्ययन एवं मूल्य विश्लेषण ।

प्रश्नपत्र 6—पद्धति विश्लेषण आधार सामग्री का संसाधन तथा परिमाणनीय तकनीक

(एक प्रश्न पत्र—तीन घंटे—100 अंक)

ज्ञान का स्तर : कार्यसाधक ज्ञान

उद्देश्य : (1) विद्यार्थियों की पद्धति विश्लेषण तथ अभिकलन की तकनीक को व्यवसाय में संगणक के प्रयोग का अभिकलन तथ कार्यान्वित करने की योग्यता की जांच करना ।

(2) विद्यार्थियों की परीमाणनीय तकनीक को व्यवसाय की समस्याओं में प्रयोग करने की योग्यता की जांच करना ।

विस्तृत विषय वस्तु

1. एम० आई० एस० की आधारभूत आवश्यकताएं—इसकी आवश्यकता, उद्देश्य तथा सार्थकता, प्रबंध के विभिन्न स्तरों पर विभिन्न प्रकार की जानकारी प्रदान करने की आवश्यकता की मान्यता प्रबंध की समस्याओं को हल करने के लिए व्यवस्थित दृष्टिकोण, हर व्यवसाय के उद्देश्य को पूरा करने के लिए विशेष रूप से अभिकलित सूचनाव्यवस्था संस्थापित करने की आवश्यकता निर्णयन के लिए यूना के प्रयोग का संकल्पनात्मक ज्ञान ।

2. व्यवस्था विकास प्रक्रिया

3. व्यवस्था विश्लेषण तथा अभिकलन, कार्यक्रम बनाने की प्रणालियां, तकनीक तथा उपकरणों की संकल्पनाएं ।

4. शारीरिक . संगणीकीय व्यवस्था में परिवर्तन, संबंधित समस्याएं एवं मूल्यांकन ।

5. संगणकीय व्यावसायिक प्रयोगों का अभिकलन, वित्तीय लेखाकरण, सूची नियंत्रण, उत्पादन नियंत्रण, अंश (शेयर) लेखाकरण वेतन बिपत्र तैयार करना एवं लेखाकरण बिक्री लेखाकरण, बीजक बनाना ।

6. संगणक प्रबंध—ई० डी० पी० विभाग का संगठन तथा भर्तीकरण

7. संगणक का चुनाव एवं संस्थापन संगणक का चुनाव, चुनाव की कसौटी, विविदाओं का मूल्यांकन, वित्तीय मामले, (किराया, पट्टा, क्रय संस्थापन, व्यय, संगणक केन्द्र)

8. ई० डी० पी० व्यवस्था का नियंत्रण ।

9. मानक-प्रबंध, प्रणालियां तथा प्रक्रियाएं

10. संगणक व्यवस्था की सुरक्षा, वैकल्पिक सुविधाएं अग्नि के खतरे से रक्षा, अग्नि का पता लगाने तथा बुझाने के उपकरण, अग्नि लग जाने की दशा में उठाए जाने वाले पग, ऐसी स्थिति में आधार सामग्री को कैसे बचाया जाए, बीजक संरक्षण ।

11. परिमाणीय तकनीक-रेखीय कार्यक्रम बनाना, परिवहन, थिम कार्य की समस्याएं पर्ट तथा सी० पी० एम०

सांख्यिकीय निर्णयन प्रमेय, ई० डी० पी० आई० द्विपद तथा साधारण प्रकार्यों का प्रयोग करते हुए पर—विश्लेषण (पोस्टीयरपर एनेलाइसिस क्यूईग प्रमेय एक सारणी (सिंगल चैनल, अनुरूपण (सिमुलेशन)

प्रश्न पत्र 7—प्रत्यक्ष कर

(एक प्रश्न पत्र—तीन घंटे—100 अंक)

ज्ञान का स्तर : विशेषज्ञ ज्ञान

उद्देश्य : (1) यह जांचना कि क्या विद्यार्थियों ने आयकर नियम 1961 संपत्ति कर नियम 1957, उपहार कर नियम 1958 और संबंधित नियम तथा अग्रणी मामलों से उत्पन्न सिद्धान्तो का समुचित ज्ञान प्राप्त कर लिया है ।

(2) यह जांचना कि क्या विद्यार्थियों में वास्तविक व्यवहार की विभिन्न परिस्थितियों में विशेषतय उन क्षेत्रों के संदर्भ में जहां कर योजना किया जा सकता है, कानून के उपबंधों को योग करने की योग्यता है ।

विस्तृत विषय वस्तु

1. आयकर अधिनियम 1961

2. सम्पत्ति कर अधिनियम 1957

3. उपहार कर अधिनियम 1958

प्रत्यक्षकर संबंधित नियमों का प्रावरण करते समय विद्यार्थी स्वयं को कर आयोजन संबंधित विभिन्न विचारों से सुपरिचित कर लें । इसमें निर्दिष्ट प्रबन्ध निर्णयों से संबंधित कर अभिचिंतन, विदेशी सहयोग समझौते अंतर्लयन, कर प्रकृष्ट कार्मिक क्षतिपूर्ति योजनाएं, करों से अधिकतम छूट प्राप्त करने के लिए पालन की जाने वाली लेखाविधि की तथा अन्य पूर्वाविधान सम्मिलित है ।

प्रश्नपत्र 8—अप्रत्यक्ष कर

(एक प्रश्नपत्र—तीन घंटे—100 अंक)

ज्ञान का स्तर :कार्यसाधक ज्ञान

उद्देश्य : यह जांचना कि विद्यार्थियों ने केन्द्रीय उत्पादन शुल्क तथा तटकर का नियंत्रण करने वाले नियमों के मूलभूत सिद्धान्तों का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है ।

विस्तृत विषय वस्तु

अद्यतन संशोधित केन्द्रीय उत्पादन शुल्क तथा नमक अधिनियम, 1944 अद्यतन संशोधित केन्द्रीय उत्पादन शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1985 तटकर तथा उत्पादन शुल्क राजस्व अपील अधिकरण अधिनियम 1986 ।

1. सीमा शुल्क का स्वरूप—विद्यार्थी इतिहास, व्याप्ति आदि केन्द्रीय सीमा शुल्क तथा नमक अधिनियम, 1944 के अन्तर्गत सीमा शुल्क का उदग्रहण तथा संचयन अधिसूचनाओं, प्रशुल्क जानकारी तथा व्यापारिक नोटिस के कानूनी प्रभाव ।

2. उत्पादन शुल्क योग्य वस्तुओं के विनिर्माण तथा निष्कापण का नियंत्रण करने वाले

केन्द्रीय सीमा शुल्क तथा नमक अधिनियम, 1944, केन्द्रीय सीमा शुल्क (मूल्यांकन नियम 1975) के अन्तर्गत मूल्यांकन तथा मूल्य सूचियों का अनुमोदन ।

3. अर्थनिर्धारण तथा वर्गीकृत सूचियों के फाइल करने तथा अनुमोदन के नियमों के संदर्भ में केन्द्रीय सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम 1988 के अन्तर्गत वस्तुओं का वर्गीकरण

4. अनन्तिम कर निर्धारण सहित कर निर्धारण, स्वय निष्कासन प्रक्रिया, ड्यूटी का भुगतान तथा ड्यूटी की दर, अभिलेख पर आधारित नियंत्रण तथा उत्पादन पर आधारित नियंत्रण ।

5. कम उदग्रहण का न होना, गलती से धन वापसी की मंजूरी—अधिक ड्यूटी का भुगतान, धन की वापसी तथा कम उदग्रहण या उदग्रहण के न होने की स्थिति में केन्द्रीय सरकार के अधिकार ।

6. लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया—औपचारिकताएं तथा संबंधित बंधपत्र ।

7. उत्पादन शुल्क वाले माल के भंडारण से संबंधित प्रक्रिया, ड्यूटी के भुगतान का समय एवं प्रणाली, माल को चिह्नित करने के नियम, माल के निष्कासन से संबंधित द्वारपत्र तथा अन्य मामले ।

8. अभिलेखों तथा रजिस्ट्री का रख रखाव तथा विवरणी का फाईल करना ।

9. ड्यूटी दिए हुए माल का कारखाने में प्रवेश तथा प्रतिधारण ।

10. विशेष औद्योगिक उद्देश्यों के लिए प्रयोग किए गए माल पर राजस्व की माफी ।

11. निर्यात के लिए राजस्व की वापसी (ड्यूटी ड्रा बैक) की प्रक्रिया ।

12. प्रोफार्मा क्रेडिट तथा मोडवेट ।

13. विभागीय संगठन संरचना—अधिनिर्णयन तथा अपील की प्रक्रिया, उत्पादन शुल्क तथा स्वर्ण (नियंत्रण असली अधिकरण तथा उत्पादन राजस्व अपील अधिकरण)

14. अपराध तथा दन्ड

15. लघु उद्योगों के लिए छूट

11. सीमा शुल्क अधिनियम 1962 तथा सीमा शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975

1. सीमा शुल्क के उद्ग्रहण तथा छूट के नियंत्रण करने वाले सिद्धान्त

2. माल के वर्गीकरण तथा मूल्यांकन के आधार भूत सिद्धान्त

3. सीमा शुल्क प्राधिकारी, सीमा शुल्क पत्तन, भंडार स्टेशनों, आदि की नियुक्ति

4. माल के आयात तथा निर्यात उपबन्ध करने वाले उपबंध, बैगेज, डाकद्वारा आयातित या निर्यातित वस्तुओं तथा भंडार से संबंधित विशेष उपबन्ध ।

5. माल के लाने ले जाने तथा भंडार में संबंधित विस्तृत प्रक्रिया

6. भुगतान की हुई सीमा शुल्क की वापसी

ए० के० मजूमदार,
सचिव

टिप्पणी :—

1. चार्टर्ड एकाउन्टेंट्स, विनियम 1988, 1 जून 1988 को प्रकाशित भारत के राजपत्र असाधारण में दिनांक 1 जून, 1988 की इंस्टीट्यूट की अधिसूचना संख्या 1-सी० ए (7)/134/88 के अन्तर्गत प्रकाशित हुए थे ।

2. इन विनियमों में किये गये संशोधनों का विवरण जो कि भारत के राजपत्र मे प्रकाशित किये गये है, निम्न प्रकार है :—

1. विनियम 48 में संशोधन—7 अक्तूबर, 1989 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या 1-सी० ए० (7)/1/89 दिनांक 25 सितम्बर, 1989 के अन्तर्गत प्रकाशित किये गये ।

2. विनियम 159 में संशोधन—19 जनवरी के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या 1-सी०ए०(7)/10/90 दिनांक 2-1-1991 के अन्तर्गत प्रकाशित किये गये ।

3. विनियम 6, 34 एवं 39 में संशोधन—19 जनवरी, 1991 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या 1-सी० ए० (7)/11/90 दिनांक 4 जनवरी, 1991 के अन्तर्गत प्रकाशित किये गये ।

4. विनियम 190 में संशोधन—2 फरवरी 1991 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना सं० 1-सी०ए०(7) 13/90 दिनांक 14 जनवरी, 1991 के अन्तर्गत प्रकाशित किये गये ।

5. विनियम, 86, 87, 92, 97, 111, 112 और 157 में संशोधन—2 मार्च, 1991 के भारत के राजपत्र में अधिसूचना संख्या 1-सी०ए०(7)/12/91 दिनांक 12 फरवरी, 1991 के अन्तर्गत प्रकाशित किये गये ।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

नई दिल्ली, दिनांक 14 फरवरी, 1992

सं० बी-33 (13)-17/86-स्था०-4—क्षेत्रीय बोर्ड, पश्चिमी बंगाल के पुनर्गठन के संबंध में कर्मचारी राज्य बीमा निगम की इसी संख्या की अधिसूचना दिनांक 3-10-1991 की क्रम सं० 6 पर दी गई मौजूदा प्रविष्टि को निम्न प्रकार पढ़ा जाए :—

6. श्री ए० बी० चौधरी, श्रम सलाहकार, इंडियन चैम्बर आफ कामर्स 4 इण्डिया एक्सचेंज प्लेस, कलकत्ता-700001	नियोजकों के प्रतिनिधि

(श्रीमती) कुसुम प्रसाद,
महानिदेशक

श्रम मंत्रालय

(केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त का कार्यालय)

नई दिल्ली-1100001, दिनांक 17 फरवरी 1992

सं. 2/1959/डी. एल. आई./एक्जम/89/भाग 1/495—जहां अनुसूची-1 में उल्लिखित नियोक्ताओं ने (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त स्थापना कहा गया है) कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) की धारा 17 की उपधारा 2(क) के अंतर्गत छूट के विस्तार

के लिए आवेदन किया है (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है)।

चूंकि मैं, बी. एन. सोम, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त इस बात से संतुष्ट हूं कि उक्त स्थापना के कर्मचारी कोई अलग अंशदान या प्रीमियम की अदायगी किए बिना जीवन बीमा के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम की सामूहिक बीमा स्कीम का लाभ उठा रहे हैं, जोकि ऐसे कर्मचारियों के लिए कर्मचारी निक्षेप सहबद्ध बीमा स्कीम, 1976 के अन्तर्गत स्वीकार्य लाभों से अधिक अनुकूल है (जिसे इसमें इसके पश्चात् स्कीम कहा गया है)।

अतः उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा 2 (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा श्रम मन्त्रालय भारत सरकार/केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त की अधिसूचना संख्या तथा तिथि जो प्रत्येक स्थापना के नाम के सामने दर्शायी गई है, के अनुसरण में तथा संलग्न अनुसूची-2 में निर्धारित शर्तों के रहते हुए मैं, बी. एन. सोम, उक्त स्कीम के सभी उपबन्धों के संचालन से प्रत्येक उक्त स्थापना को और 3 वर्ष की अवधि के लिए छूट प्रदान करता हूं जैसा कि संलग्न अनुसूची-1 में उनके नाम के सामने दर्शाया गया है।

अनुसूची-I

क्रम सं०	स्थापना का नाम और पता	कोड संख्या	छूट को बढ़ाने के लिए भारत सरकार के अधिसूचना की संख्या तथा तिथि	पहले से प्रदान की गई छूट को समाप्ति की तिथि	अवधि जिसके और छूट दी है	के० भ० नि० आ फाइल संख्या
1	2	3	4	5	6	7
1.	मैसर्स अहमदाबाद मैन्यूफेक्चरिंग एण्ड कालीको प्रिंटिंग कम्पनी लिमिटेड (कालीको मिल्स) जमालपुर गेट के बाहर, अहमदाबाद	जी०/जे०/279	2/1959/डी०एल०आई०/एक्जम/89/पार्ट-I/2927 दिनांक 18-3-90	17-9-91	18-9-91 से 17-9-94	2/644/82-डी एल० आई०
2.	मैसर्स गुजरात मशीनरी मैन्यूफैक्चरर्स लिमिटेड, पी० बी० नं० 1 कर्मसाद 388325 (गुजरात)	जी०/जे०/4499	एस-35014/280/83 11 (एस एस II) दिनांक 2-6-86	23-12-89	24-12-89 से 23-12-92	2/961/83-डी० एल० आई०
3.	मैसर्स तापती इन्डस्ट्रियल इंजीनियरस मनकुण कम्पाउन्ड, ऐ० के० रोड़, सूरत-395008	जी०/जे०/16714	2/1959/डी० एल० आई०/89/एक्जम/पार्ट-I/3914 दिनांक 1-8-90	28-2-90	1-3-90 से 28-2-93	2/2761/90-डी एल० आई०

अनुसूची-II

1. उक्त स्थापना के संबंध में नियोजक (जिसे इसमें इसके पश्चात् नियोजक कहा गया है) संबंधित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त, को ऐसी विवरणियां भेजेगा और ऐसे लेखा रखेगा तथा निरीक्षण के लिए ऐसी सुविधाएं प्रदान करेगा जो केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त, समय-समय पर निर्दिष्ट करें।

2. नियोजक, ऐसे निरीक्षण प्रभारी का प्रत्येक मास की समाप्ति के 15 दिन के भीतर संदाय करेगा जो केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा (3-क) के खण्ड-क के अधीन समय-समय पर निर्दिष्ट करें।

3. सामूहिक बीमा स्कीम के प्रशासन में, जिसके अन्तर्गत लेखाओं का रखा जाना, विवरणियों का प्रस्तुत किया जाना, बीमा प्रीमियम का संदाय, लेखाओं का अंतरण निरीक्षण प्रभार का संदाय आदि भी है, होने वाले सभी व्ययों का वहन नियोजक द्वारा किया जाएगा।

4. नियोजक, केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित सामूहिक बीमा स्कीम के नियमों की एक प्रति और जब कभी उनमें संशोधन किया जाए, तब उस संशोधन की प्रति तथा कर्मचारियों की बहुसंख्या की भाषा में उसकी मुख्य बातों का अनुवाद स्थापना के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करेगा।

5. यदि कोई ऐसा कर्मचारी जो कर्मचारी भविष्य निधि का या उक्त अधिनियम के अधीन छूट किसी स्थापना की भविष्य निधि का पहले से ही सदस्य है, उसको स्थापना में नियोजित किया जाता है तो, नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के सदस्य के रूप में उसका नाम तुरन्त दर्ज करेगा और उसकी बाबत आवश्यक प्रीमियम भारतीय जीवन बीमा निगम को संदत्त करेगा।

6. यदि उक्त स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभ

बढ़ाए जाते हैं तो नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभों में समुचित रूप से वृद्धि किए जाने की व्यवस्था करेगा, जिससे कि कर्मचारियों के लिए सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन अनुज्ञेय हैं ।

7. सामूहिक बीमा स्कीम में किसी बात के होते हुए भी यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु पर इस स्कीम के अधीन संदेय राशि से कम है जो कर्मचारी की उस दशा में संदेय होती जब वह उक्त स्कीम के अधीन होता तो, नियोजक कर्मचारी के विधिक वारिस/नाम निर्देशिती को प्रतिकर के रूप में दोनों राशियों के अंतर के बराबर राशि का संदाय करेगा ।

8. सामूहिक बीमा स्कीम के उपबंधों में कोई भी संशोधन संबंधित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं किया जाएगा और जहां किसी संशोधन से कर्मचारियों के हित पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना हो, वहां क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अपना अनुमोदन देने से पूर्व कर्मचारियों को अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने का युक्ति-युक्त अवसर देगा।

9. यदि किसी कारणवश स्थापना के कर्मचारी भारतीय जीवन बीमा निगम की उस सामूहिक बीमा स्कीम के, जिसे स्थापना पहले अपना चुकी है, अधीन नहीं रह जाता है या इस स्कीम के अधीन कर्मचारियों को प्राप्त होने वाले लाभ किसी रीति से कम हो जाते हैं तो यह रद्द की जा सकती है ।

10. यदि किसी कारणवश नियोजक उस नियत तारीख के भीतर जो भारतीय जीवन बीमा निगम नियत करे, प्रीमियम का संदाय करने में असफल रहता है और पालिसी को व्यपगत हो जाने दिया जाता है तो छूट रद्द की जा सकती है ।

11. नियोजक द्वारा प्रीमियम के संदाय में किये गये किसी व्यतिक्रम की दशा में उन मृत सदस्यों के नाम निर्देशितों या विधिक वारिसों को जो यदि यह छूट न दी गई होती तो उक्त स्कीम के अन्तर्गत होते, बीमा लाभों के संदाय का उत्तरदायित्व नियोजक पर होगा ।

12. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक इस स्कीम के अधीन आने वाले किसी सदस्य की मृत्यु होने पर उसके हकदार नाम निर्देशितों/विधिक वारिसों की बीमाकृत राशि का संदाय तत्परता से और प्रत्येक दशा में भारतीय जीवन बीमा निगम से बीमाकृत राशि प्राप्त होने के एक माह के भीतर सुनिश्चित करेगा ।

सं. 2/1959/डी. एल. आई./एक्जाम/89/भाग-1/503—जहां अनुसूची-1 में उल्लिखित नियोक्ताओं ने (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त स्थापना कहा गया है) कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) की धारा 17 की उपधारा 2(क) के अंतर्गत छूट के लिए आवेदन किया है (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) ।

चूंकि मैं, वी. एन. सोम, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त इस बात से संतुष्ट हूं कि उक्त स्थापना के कर्मचारी कोई अलग अंशदान या प्रीमियम की अदायगी किये बिना जीवन बीमा के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम की सामूहिक बीमा स्कीम का लाभ उठा रहे हैं, ताकि ऐसे कर्मचारियों के लिए कर्मचारी निक्षेप सहबद्ध बीमा स्कीम, 1976 के अन्तर्गत स्वीकार्य लाभों से अधिक अनुकूल है (जिसे इसमें इसके पश्चात् स्कीम कहा गया है) ।

अतः उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा 2(क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा इसके साथ संलग्न अनुसूची-2 में उल्लिखित शर्तों के अनुसार मैं, वी. एन. सोम, प्रत्येक उक्त स्थापना को प्रत्येक के सामने (अनुसूची-2) में उल्लिखित पिछली तारीख से प्रभावी जिस तिथि से उक्त स्थापना को क्षेत्री भविष्य निधि आयुक्त ने स्कीम की धारा 28(7) के अंतर्गत ढील प्रदान की है, 3 वर्ष की अवधि के लिए उक्त स्कीम से संचालन की छूट देता हूं।

अनुसूची—I

क्रम सं०	स्थापना का नाम और पता	कोड संख्या	छूट की प्रभावी तिथि	के० भ० नि० आ० फाइल संख्या
1.	मैसर्स पी० एम० जी० इन्डस्ट्रियल इंस्टीटूयूट पीलमेडु, कोयम्बटूर-641004	टी एन 88	1-12-88 से 30-6-90	2/3966/92-डी० एल० आई०
2.	मैसर्स ओरियंटल टैक्सटाइल इन्डस्ट्रीज, आई० एम० एम० सी० कैम्पस ईस्ट मेन रोड, मेटूर एम-636401 (सलम जिला)	टी० एन०/17088	1-1-90 से 28-2-90	2/3965/92-डी० एल० आई०

अनुसूची-2

1. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक (जिसे इसमें इसके पश्चात् नियोजक कहा गया है) सम्बन्धित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त, को ऐसी विवरणियां भेजेगा और ऐसे लेखा रखेगा तथा निरीक्षण के लिए ऐसी सुविधाएं प्रदान करेगा जो केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त, समय-समय पर निर्दिष्ट करें।

2. नियोजक, ऐसे निरीक्षण प्रभारी का प्रत्येक मास की समाप्ति के 15 दिन के भीतर संदाय करेगा जो केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा (3-क) के खण्ड-क के अधीन समय-समय पर निर्दिष्ट करें।

3. सामूहिक बीमा स्कीम के प्रशासन में, जिसके अन्तर्गत लेखाओं का रखा जाना, विवरणियों का प्रस्तुत किया जाना, बीमा प्रीमियम का संदाय, लेखाओं का अन्तरण निरीक्षण प्रभार का संदाय आदि भी है, होने वाले सभी व्ययों का वहन नियोजक द्वारा किया जायेगा।

4. नियोजक, केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित सामूहिक बीमा स्कीम के नियमों की एक प्रति और जब कभी उनमें संशोधन किया जायें, तब उस संशोधन की प्रति तथा कर्मचारियों की बहु संख्या की भाषा में उसकी मुख्य बातों का अनुवाद स्थापना के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करेगा।

5. यदि कोई ऐसा कर्मचारी, जो कर्मचारी भविष्य निधि का या उक्त अधिनियम के अधीन छूट किसी स्थापना की भविष्य निधि का पहले से ही सदस्य है, उसको स्थापना में नियोजित किया जाता है तो, नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के सदस्य के रूप में उसका नाम तुरन्त दर्ज करेगा और उसकी बाबत आवश्यक प्रीमियम भारतीय जीवन बीमा निगम को संदत्त करेगा।

6. यदि उक्त स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभ बढ़ायें जाते हैं तो नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभों में समुचित रूप से वृद्धि किये जाने की व्यवस्था करेगा, जिससे कि कर्मचारियों के लिए सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन अनुज्ञेय है।

7. सामूहिक बीमा स्कीम में किसी बात के होते हुए भी यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु पर इस स्कीम के अधीन संदेय राशि से कम है जो कर्मचारी को उस दशा में संदत्त होती जब वह उक्त स्कीम के अधीन होता तो, नियोजक कर्मचारी के विधिक वारिसों/नामनिर्देशितों को प्रतिकर के रूप में दोनों राशियों के अन्तर बराबर राशि का संदाय करेगा।

8. सामूहिक बीमा स्कीम के उपबंधों में कोई भी संशोधन सम्बन्धित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं किया जायेगा और जहां किसी संशोधन से कर्मचारियों के हित पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना हो, वहां क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अपना अनुमोदन देने से पूर्व कर्मचारियों को अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने का युक्तियुक्त अवसर देगा।

9. यदि किसी कारणवश स्थापना के कर्मचारी भारतीय जीवन बीमा निगम की उस सामूहिक बीमा स्कीम के, जिसे स्थापना पहले अपना चुकी है अधीन नहीं रह जाता है या इस स्कीम के अधीन कर्मचारियों की प्राप्त होने वाले लाभ किसी रीति से कम हो जाते हैं तो यह रद्द की जा सकती है।

10. यदि किसी कारणवश नियोजक उस नियत तारीख के भीतर जो भारतीय जीवन बीमा निगम नियत करें, प्रीमियम का संदाय करने में असफल रहता है और पालिसी को व्यपगत हो जाने दिया जाता है तो छूट रद्द की जा सकती है।

11. नियोजक द्वारा प्रीमियम के संदाय में किये गये किसी व्यतिक्रम की दशा में उन मृत सदस्यों के नामनिर्देशितों या विधिक वारिसों को जो यदि यह छूट न दी गई होती तो उक्त स्कीम के अन्तर्गत होते, बीमा लाभों के संदाय का उत्तरदायित्व नियोजक पर होगा।

12. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक इस स्कीम के अधीन आने वाले किसी सदस्य की मृत्यु होने पर उसके हकदार नामनिर्देशितों/विधिक वारिसों की बीमाकृत राशि का संदाय तत्परता से और प्रत्येक दशा में भारतीय जीवन बीमा निगम से बीमाकृत राशि प्राप्त होने के एक माह के भीतर सुनिश्चित करेगा।

सं. 2/1959/डी. एल. आई./एक्जम/89/भाग-1/511—जहां मैसर्स थोमसले मेट्रेक्स होबर्स लिमिटेड, रजिस्टर्ड आफिस वर्कस, 26/ए, इन्डस्ट्रीयल एस्टेट, पटान्चेरी, 502319, डिस्ट्रीक मेडक, आन्ध्रा प्रदेश (कोड सं. ए. पी./5726) ने कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) की धारा 17 की उपधारा 2(क) के अन्तर्गत छूट के विस्तार के लिए आवेदन किया है (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है)।

चूंकि मैं, बी. एन. सोम, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त इस बात से संतुष्ट हूं कि उक्त स्थापना के कर्मचारी कोई अलग अंशदान या प्रीमियम की अदायगी किये बिना जीवन बीमा के रूप में भारतीय जीवन बीमा नियम की सामूहिक बीमा स्कीम का लाभ उठा रहे हैं, जोकि ऐसे कर्मचारियों के लिए कर्मचारी निक्षेप सहबद्ध बीमा स्कीम, 1976 के अन्तर्गत स्वीकार्य लाभों से अधिक अनुकूल है (जिसे इसमें पश्चात् स्कीम कहा गया है)।

अतः उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा 2(क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा श्रम मन्त्रालय भारत सरकार/केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त की अधिसूचना संख्या 2/1959/डी. एल. आई./एक्जम/89/पीटी-1/1128 दिनांक 19-12-89 के अनुसरण में तथा संलग्न अनुसूची में

निर्धारित शर्तों के रहते हुए मैं, बी. एन. सोम, उक्त स्कीम के सभी उपबन्धों के संचालन से उक्त स्थापना को और 3 वर्ष की अवधि के लिए छूट प्रदान करता हूं, जो दिनांक 1-3-92 से 28-2-95 तक लागू होगा जिसमें यह तिथि 28-2-95 भी शामिल है।

अनुसूची-।।

1. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक (जिसे इसमें इसके पश्चात् नियोजक कहा गया है) संबंधित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त, को ऐसी विवरणियां भेजेगा और ऐसे लेखा रखेगा तथा निरीक्षण के लिए ऐसी सुविधाएं प्रदान करेगा जो केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त, समय-समय पर निर्विष्ट करे ।

2. नियोजक, ऐसे निरीक्षण प्रभारी का प्रत्येक मास की समाप्ति के 15 दिन के भीतर संदाय करेगा जो केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा (3-क) के खंड-क के अधीन समय-समय पर निर्देश करे ।

3. सामूहिक बीमा स्कीम के प्रशासन में जिसके अन्तर्गत लेखाओं का रखा जाना, विवरणियों का प्रस्तुत किया जाना, बीमा प्रीमियम का संदाय, लेखाओं का अंकेक्षण निरीक्षण प्रभार का संदाय आदि भी है, होने वाले सभी व्ययों का वहन नियोजक द्वारा किया जाएगा ।

4. नियोजक, केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित सामूहिक बीमा स्कीम के नियमों की एक प्रति और जब कभी उनमें संशोधन किया जाये, तब उस संशोधन की प्रति तथा कर्मचारियों की बहुसंख्या की भाषा में उसकी मुख्य बातों का अनुवाद स्थापना के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करेगा ।

5. यदि कोई ऐसा कर्मचारी जो कर्मचारी भविष्य निधि का या उक्त अधिनियम के अधीन छूट किसी स्थापना की भविष्य निधि का पहले से ही सदस्य है, उसकी स्थापना में नियोजित किया जाता है तो, नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के सदस्य के रूप में उसका नाम तुरन्त दर्ज करेगा और उसकी बाबत आवश्यकता प्रीमियम भारतीय जीवन बीमा निगम को संदत्त करेगा ।

6. यदि उक्त स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभ बढ़ाए जाते है तो नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभों में समुचित रूप से वृद्धि किए जाने की व्यवस्था करेगा, जिससे कि कर्मचारियों के लिए सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन अनुज्ञेय है ।

7. सामूहिक बीमा स्कीम में किसी बात के होते हुए भी यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु पर इस स्कीम के अधीन संदेय राशि से कम है जो कर्मचारी को उस दशा में संदेय होती जब वह उक्त स्कीम के अधीन होता तो, नियोजक कर्मचारी के विधिक वारिस/नाम निर्देशितों को प्रतिकर के रूप में दोनों राशियों के अन्तर बराबर राशि का संदाय करेगा ।

8. सामूहिक बीमा स्कीम के उपबन्धों में कोई भी संशोधन सम्बन्धित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं किया जाएगा और जहां किसी संशोधन से कर्मचारियों के हित पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना हो, वहां क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अपना अनुमोदन देने से पूर्व कर्मचारियों को अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने का युक्तियुक्त अवसर देगा ।

9. यदि किसी कारणवश स्थापना के कर्मचारी भारतीय जीवन बीमा निगम की उस सामूहिक बीमा स्कीम के, जिसे स्थापना पहले अपना चुकी है अधीन नहीं रह जाता है या इस स्कीम के अधीन कर्मचारियों को प्राप्त होने वाले लाभ किसी रीति से कम हो जाते है तो यह रद्द की जा सकती है ।

10. यदि किसी कारणवश नियोजक उस नियत तारीख के भीतर जो भारतीय जीवन बीमा निगम नियत करे, प्रीमियम का संदाय करने में असफल रहता है और पालिसी को व्ययगत हो जाने दिया जाता है तो छूट रद्द की जा सकती है ।

11. नियोजक द्वारा प्रीमियम के संदाय में किए गए किसी व्यतिक्रम की दशा में उन मृत सदस्यों के नाम निर्देशितों या विधिक वारिसों को जो यदि यह छूट न दी गई होती तो उक्त स्कीम के अन्तर्गत होते, बीमा लाभों के संदाय का उत्तरदायित्व नियोजक पर होगा ।

12. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक इस स्कीम के अधीन आने वाले किसी सदस्य की मृत्यु होने पर उसके हकदार नाम निर्देशितों/विधिक वारिसों को बीमाकृत राशि का संदाय तत्परता से और प्रत्येक दशा में भारतीय जीवन बीमा निगम से बीमाकृत राशि प्राप्त होने के एक माह के भीतर सुनिश्चित करेगा।

सं. 2/1959/डी. एल. आई./एक्जम/89/भाग 1/519—जहां अनुसूची-1 में उल्लिखित नियोक्ताओं ने (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त स्थापना कहा गया है) कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) की धारा 17 की उपधारा 2 (क) के अन्तर्गत छूट के लिए आवेदन किया है (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) ।

चूंकि मैं, बी. एन. सोम, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त इस बात से संतुष्ट हूं कि उक्त स्थापना के कर्मचारी कोई अलग अंशदान या प्रीमियम की अदायगी किये बिना जीवन बीमा के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम की सामूहिक बीमा स्कीम का लाभ उठा रहे हैं, जो कि ऐसे कर्मचारियों के लिए कर्मचारी निक्षेप सहबद्ध बीमा स्कीम, 1976 के अंतर्गत स्वीकार्य लाभों से अधिक अनुकूल है (जिसे इसमें इसके पश्चात् स्कीम कहा गया है)।

अतः उक्त अधिनियम की धारा 7 की उपधारा 2(क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा इसके साथ संलग्न अनुसूची-2 में उल्लिखित शर्तों के अनुसार मैं, बी. एन. सोम, प्रत्येक उक्त स्थापना को प्रत्येक के सामने (अनुसूची-1) उल्लिखित पिछली तारीख से प्रभावी जिस तिथि से उक्त स्थापना को क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त पश्चिम बंगाल ने स्कीम की धारा 28(7) के अन्तर्गत ढील प्रदान की है, 3 वर्ष की अवधि के लिए उक्त स्कीम से संचालन की छूट देता हूं ।

अनुसूची–I

क्रम सं०	स्थापना का नाम तथा पता	कोड संख्या	छूट की प्रभावी तिथि	के० भ० नि० आ० फाइल संख्या
1.	मैसर्स जयश्री कैमिकल्स लिमिटेड, 14, नेताजी सुभाष रोड कलकत्ता–700001	डब्ल्यू० बी/13356	1–5–90 से 20–4–93	2/3923/91–डी० एल० आई०
2.	मैसर्स इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट प्रोमोशन काउन्सिल वर्ल्ड ट्रेड सेंटर (तीसरी मंजिल) 14/1बी ऐजरा गली कलकता–700001 (उसके संघीय विभाग सहित 2, दिल्ली बम्बई, कलकत्ता और मद्रास में) उपक्षेत्रीय कार्यालय अहमदाबाद, बंगलौर, जलन्धर और विदेशी कार्यालय एटकोटडी इवोइर यू० एस० ए०, यू० ए० ई० ईमरामन्नसटर और आस्ट्रेलिया ग्रेड ब्रिटेन ला जयेगल केन्या सिंगापुर	डब्ल्यू० बी/15617	1–3–90 से 28–2–93	2/3922/91–डी० एल० आई०

अनुसूची-

1. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक (जिसे इसमें इसके पश्चात नियोजक कहा गया है) सम्बन्धित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त, को ऐसी विवरणियां भेजेगा और ऐसे लेखा रखेगा तथा निरीक्षण के लिए ऐसी सुविधाएं प्रदान करेगा जो केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त, समय-समय पर निर्दिष्ट करें ।

2. नियोजक, ऐसे निरीक्षण प्रभारी का प्रत्येक मास को समाप्ति के 15 दिन के भीतर संदाय करेगा जो केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा (3-क) के खण्ड-क के अधीन समय-समय पर निदेश करें ।

3. सामूहिक बीमा स्कीम के प्रशासन में, जिसके अन्तर्गत लेखाओं का रखा जाना, विवरणियों का प्रस्तुत किया जाना, बीमा प्रीमियम का संदाय, लेखाओं का अन्तरण, निरीक्षण प्रभार का संदाय आदि भी है, होने वाले सभी व्ययों का वहन नियोजक द्वारा किया जाएगा ।

4. नियोजक, केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित सामूहिक बीमा स्कीम के नियमों की एक प्रति और जब कभी उनमें संशोधन किया जाए, तब उस संशोधन की प्रति तथा कर्मचारियों की बहुसंख्या की भाषा में उसकी मुख्य बातों का अनुवाद स्थापना के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करेगा ।

5. यदि कोई ऐसा कर्मचारी जो कर्मचारी भविष्य निधि का या उक्त अधिनियम के अधीन छूट किसी स्थापना की भविष्य निधि का पहले से ही सदस्य है, उसको स्थापना में नियोजित किया जाता है तो, नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के सदस्य के रूप में उसका नाम तुरन्त दर्ज करेगा और उसकी बाबत आवश्यक प्रीमियम भारतीय जीवन बीमा निगम को संदत्त करेगा ।

6. यदि उक्त स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभ बढ़ाए जाते हैं तो नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभों में समुचित रूप से वृद्धि किए जाने की व्यवस्था करेगा, जिससे कि कर्मचारियों के लिए सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन अनुज्ञेय है ।

7. सामूहिक बीमा स्कीम में किसी बात के होते हुए भी यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु पर इस स्कीम के अधीन संदेय राशि से कम है जो कर्मचारी को उस दशा में संदाय होती जब वह उक्त स्कीम के अधीन होता तो, नियोजक कर्मचारी के विधिक वारिस/नाम निर्देशितों को प्रतिकर के रूप में दोनों राशियों के अन्तर बराबर राशि का संदाय करेगा ।

8. सामूहिक बीमा स्कीम के उपबन्धों में कोई भी संशोधन सम्बन्धित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं किया जाएगा और जहां किसी संशोधन से कर्मचारियों के हित पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना हो, वहां क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अपना अनुमोदन देने से पूर्व कर्मचारियों को अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने का युक्तियुक्त अवसर देगा ।

9. यदि किसी कारणवश स्थापना के कर्मचारी भारतीय जीवन बीमा निगम की उस सामूहिक बीमा स्कीम के, जिसे स्थापना पहले अपना चुकी है अधीन नहीं रह जाता है या इस स्कीम के अधीन कर्मचारियों को प्राप्त होने वाले लाभ किसी रीति से कम हो जाते हैं तो यह रद्द की जा सकती है ।

10. यदि किसी कारणवश नियोजक उस नियत तारीख के भीतर जो भारतीय जीवन बीमा निगम नियत करें, प्रीमियम का संदाय करने में असफल रहता है और पालिसी को व्ययगत हो जाने दिया जाता है तो छूट रद्द की जा सकती है ।

11. नियोजक द्वारा प्रीमियम के संदाय में किए गए किसी व्यतिक्रम की दशा में उन मृत सदस्यों के नाम निर्देशितों या विधिक वारिसों को जो यदि यह छूट न दी गई होती तो उक्त स्कीम के अन्तर्गत होते, बीमा लाभों के संदाय का उत्तरदायित्व नियोजक पर होगा ।

12. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक इस स्कीम के अधीन आने वाले किसी सदस्य की मृत्यु होने पर उसके हकदार नाम निर्देशितों/विधि वारिसों को बीमाकृत राशि का संदाय तत्परता से और प्रत्येक दशा में भारतीय जीवन बीमा निगम से बीमाकृत राशि प्राप्त होने के एक माह के भीतर सुनिश्चित करेगा ।

दिनांक 18 फरवरी 1992

सं. 2/1959/डी. एल. आई./एक्जम/89/भाग-1/527—जहां मैसर्स डोमीनेंट ऑफसैट (प्रा.) लिमिटेड, पालम गुड़गांव रोड, गुड़गांव (कोड नं. एच. आर./10633) हरियाणा ने कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) की धारा 17 की उप-धारा 2(क) के अन्तर्गत छूट के लिए आवेदन किया है (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है)।

चूंकि मैं, बी. एन. सोम, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त इस बात से संतुष्ट हूं कि उक्त स्थापना के कर्मचारी कोई अलग अंशदान या प्रीमियम की अदायगी किये बिना जीवन बीमा के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम की सामूहिक बीमा स्कीम का लाभ उठा रहे हैं, जोकि ऐसे कर्मचारियों के लिए कर्मचारी निक्षेप सहबद्ध बीमा स्कीम, 1976 के अन्तर्गत स्वीकार्य लाभों से अधिक अनुकूल है (जिसे इसमें इसके पश्चात् स्कीम कहा गया है)।

अतः उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा 2(क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा इसके साथ संलग्न अनुसूची में उल्लिखित शर्तों के अनुसार मैं, बी. एन. सोम, उक्त स्थापना की उल्लिखित पिछली तारीख से प्रभावी जिस तिथि से उक्त स्थापना को क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त हरियाणा ने स्कीम की धारा 28(7) के अन्तर्गत छूट प्रदान की है, 3 वर्ष की अवधि के लिए उक्त स्कीम के संचालन की छूट देता हूं—दिनांक 1-5-91 से 30-4-94 तक।

अनुसूची-II

1. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक (जिसे इसमें इसके पश्चात् नियोजक कहा गया है) सम्बन्धित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त को ऐसी विवरणियां भेजेगा और ऐसे लेखा रखेगा तथा निरीक्षण के लिए ऐसी सुविधाएं प्रदान करेगा जो केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त, समय-समय पर निर्दिष्ट करें ।

2. नियोजक, ऐसे निरीक्षण प्रभारी का प्रत्येक मास की समाप्ति के 15 दिन के भीतर संदाय करेगा जो केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा (3-क) के खण्ड-क के अधीन समय-समय पर निर्देश करें ।

3. सामूहिक बीमा स्कीम के प्रशासन में, जिसके अन्तर्गत लेखाओं का रखा जाना, विवरणियों का प्रस्तुत किया जाना, बीमा प्रीमियम का संदाय, लेखाओं का अन्तरण, निरीक्षण प्रभार का संदाय आदि भी है, होने वाले सभी व्ययों का वहन नियोजक द्वारा किया जायेगा ।

4. नियोजक, केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित सामूहिक बीमा स्कीम के नियमों की एक प्रति और जब कभी उनमें संशोधन किया जाये, तब उस संशोधन की प्रति तथा कर्मचारियों की बहुसंख्या की भाषा में उसकी मुख्य बातों का अनुवाद स्थापना के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करेगा ।

5. यदि कोई ऐसा कर्मचारी जो कर्मचारी भविष्य निधि का या उक्त अधिनियम के अधीन छूट प्राप्त किसी स्थापना की भविष्य निधि का पहले से ही सदस्य है, उसको स्थापना में नियोजित किया जाता है तो, नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के सदस्य के रूप में उसका नाम तुरन्त दर्ज करेगा और उसकी बाबत आवश्यक प्रीमियम भारतीय जीवन बीमा निगम को संदत्त करेगा।

6. यदि उक्त स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभ बढ़ाये जाते हैं तो नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभों में समुचित रूप से वृद्धि किये जाने की व्यवस्था करेगा, जिससे कि कर्मचारियों के लिए सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन अनुज्ञेय है ।

7. सामूहिक बीमा स्कीम में किसी बात के होते हुए भी यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु पर इस स्कीम के अधीन संदेय राशि उस राशि से कम है जो कर्मचारी को उस दशा में संदेय होती जब वह उक्त स्कीम के अधीन होता तो, नियोजक कर्मचारी के विधिक वारिस/नाम निर्देशितों को प्रतिकर के रूप में दोनों राशियों के अन्तर बराबर राशि का संदाय करेगा ।

8. सामूहिक बीमा स्कीम के उपबन्धों में कोई भी संशोधन सम्बन्धित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं किया जायेगा और जहां किसी संशोधन से कर्मचारियों के हित पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना हो, वहां क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अपना अनुमोदन देने से पूर्व कर्मचारियों को अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने का युक्तियुक्त अवसर देगा ।

9. यदि किसी कारणवश स्थापना के कर्मचारी भारतीय जीवन बीमा निगम की उस सामूहिक बीमा स्कीम के, जिसे स्थापना पहले अपना चुकी है अधीन नहीं रह जाता है या इस स्कीम के अधीन कर्मचारियों को प्राप्त होने वाले लाभ किसी रीति से कम हो जाते हैं तो यह रद्द की जा सकती है ।

10. यदि किसी कारणवश नियोजक उस नियत तारीख के भीतर जो भारतीय जीवन बीमा निगम नियत करे, प्रीमियम का संदाय करने में असफल रहता है और पालिसी को व्यपगत हो जाने दिया जाता है तो छूट रद्द की जा सकती है ।

11. नियोजक द्वारा प्रीमियम के संदाय में किए गए किसी व्यतिक्रम की दशा में उन मृत सदस्यों के नाम निर्देशितों या विधिक वारिसों को जो यदि यह छूट न दी गई होती तो उक्त स्कीम के अन्तर्गत होते, बीमा लाभों के संदाय का उत्तरदायित्व नियोजक पर होगा ।

12. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक इस स्कीम के अधीन आने वाले किसी सदस्य की मृत्यु होने पर उसके हकदार नाम निर्देशितों/विधिक वारिसों को बीमाकृत राशि का संदाय तत्परता से और प्रत्येक दशा में भारतीय जीवन बीमा निगम से बीमाकृत राशि प्राप्त होने के एक माह के भीतर सुनिश्चित करेगा ।

सं. 2/1959/डी. एल. आई./एक्जम/89/भाग-1/535—जहां मैसर्स मार्डन फूड इन्डस्ट्रीज इण्डिया लिमिटेड, ओल्ड एग्जीबीशन ग्राउन्ड तरातला रोड, कलकत्ता-700088 (कोड संख्या डब्ल्यू बी/15281) ने कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) की धारा 17 की उपधारा 2(क) के अन्तर्गत छूट के विस्तार के लिए आवेदन किया है (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) ।

चूंकि मैं, बी. एन. सोम, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त इस बात से संतुष्ट हूं कि उक्त स्थापना के कर्मचारी कोई अलग अंशदान या प्रीमियम की अदायगी किये बिना जीवन बीमा के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम की सामूहिक बीमा स्कीम का लाभ उठा रहे हैं, जोकि ऐसे कर्मचारियों के लिए कर्मचारी निक्षेप सहबद्ध बीमा स्कीम, 1976 के अन्तर्गत स्वीकार्य लाभों से अधिक अनुकूल है (जिसे इसमें इसके पश्चात् स्कीम कहा गया है) ।

अतः उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा 2(क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा श्रम मन्त्रालय भारत सरकार/केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त की अधिसूचना संख्या : एस-35014/104/87/पी. एफ. II (एस. एस II) दिनांक 3-4-86 के अनुसरण में तथा संलग्न अनुसूची में निर्धारित शर्तों के रहते हुए मैं, बी. एन. सोम, उक्त स्कीम के सभी उपबन्धों के संचालन से उक्त स्थापना को और 3 वर्ष की अवधि के लिए छूट प्रदान करता हूं, जो दिनांक 16-10-88 से 15-10-91 तक लागू होगा जिसमें यह तिथि 15-10-91 भी शामिल है ।

अनुसूची—II

1. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक (जिसे इसमें इसके पश्चात् नियोजक कहा गया है) सम्बन्धित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त, को ऐसी विवरणियां भेजेगा और ऐसे लेखा रखेगा तथा निरीक्षण के लिए ऐसी सविधाएं प्रदान करेगा जो केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त, समय-समय पर निर्दिष्ट करें ।

2. नियोजक, ऐसे निरीक्षण प्रभारी का प्रत्येक वर्ष की समाप्ति के 15 दिन के भीतर संदाय करेगा जो केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा (3-क) के खंड-क के अधीन समय-समय पर निर्देश करें ।

3. सामूहिक बीमा स्कीम के प्रशासन में, जिसके अन्तर्गत लेखाओं का रखा जाना, विवरणियों का प्रस्तुत किया जाना, बीमा प्रीमियम का संदाय, लेखाओं का अन्तरण निरीक्षण प्रभार का संदाय आदि भी है, होने वाले सभी व्ययों का वहन नियोजक द्वारा किया जाएगा ।

4. नियोजक, केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित सामूहिक बीमा स्कीम के नियमों की एक प्रति और जब कभी उनमें संशोधन किया जाये, तब उस संशोधन की प्रति तथा कर्मचारियों की बहुसंख्या की भाषा में उसकी मुख्य बातों का अनुवाद स्थापना के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करेगा ।

5. यदि कोई ऐसा कर्मचारी जो कर्मचारी भविष्य निधि का या उक्त अधिनियम के अधीन छूट प्राप्त किसी स्थापना की भविष्य निधि का पहले से ही सदस्य है, उसको स्थापना में नियोजित किया जाता है तो, नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के सदस्य के रूप में उसका नाम तुरन्त दर्ज करेगा और उसकी बाबत आवश्यक प्रीमीयम भारतीय जीवन बीमा निगम को संदत्त करेगा।

6. यदि उक्त स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभ बढ़ाये जाते हैं तो नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभों में समुचित रूप से वृद्धि किए जाने की व्यवस्था करेगा. जिससे कि कर्मचारियों के लिए सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन अनुज्ञेय है ।

7. सामूहिक बीमा स्कीम में किसी बात के होते हुए भी यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु पर इस स्कीम के अधीन संदेय राशि उस राशि से कम है जो कर्मचारी को उस दशा में संदेय होती जब वह उक्त स्कीम के अधीन होता तो, नियोजक कर्मचारी के विधिक वारिस/नाम निर्देशितों को प्रतिकर के रूप में दोनों राशियों के अन्तर बराबर राशि का संदाय करेगा ।

8. सामूहिक बीमा स्कीम के उपबन्धों में कोई भी संशोधन सम्बन्धित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं किया जाएगा और जहां किसी संशोधन से कर्मचारियों के हित पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना हो, वहां क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अपना अनुमोदन देने से पूर्व कर्मचारियों को अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने का युक्तियुक्त अवसर देगा ।

9. यदि किसी कारणवश स्थापना के कर्मचारी भारतीय जीवन बीमा निगम की उस सामूहिक बीमा स्कीम के, जिसे स्थापना पहले अपना चुकी है अधीन नहीं रह जाता है या इस स्कीम के अधीन कर्मचारियों को प्राप्त होने वाले लाभ किसी रीति से कम हो जाते हैं तो यह रद्द की जा सकती है ।

10. यदि किसी कारणवश नियोजक उस निगम तारीख के भीतर जो भारतीय जीवन बीमा निगम नियत करे प्रीमियम का संदाय करने में असफल रहता है और पालिसी को व्यपगत हो जाने दिया जाता है तो छूट रद्द की जा सकती है ।

11. नियोजक द्वारा प्रीमियम के संदाय में किये गये किसी व्यतिक्रम की दशा में उन सब सदस्यों के नाम निर्देशितों या विधिक वारिसों को जो यदि यह छूट न दी गई होती तो उक्त स्कीम के अन्तर्गत होते, बीमा लाभों के संदाय का उत्तरदायित्व नियोजक पर होगा ।

12. उक्त स्थापना के संबंध में नियोजक इस स्कीम के अधीन आने वाले किसी सदस्य की मृत्यु होने पर उसके हकदार नाम निर्देशितों/विधिक वारिसों को बीमाकृत राशि का संदाय तत्परता से और प्रत्येक दशा में भारतीय जीवन बीमा निगम से बीमाकृत राशि प्राप्त होने के एक माह के भीतर सुनिश्चित करेगा।

सं. 2/1959/डी. एल. आई./एक्जम/89/भाग-1/543—जहां मैसर्स पंजाब सिरामिक्स लिमिटेड, पी. बी. नं. 36, दाब्बली रोड, 151001 (पंजाब) भटिन्डा (कोड सं. पी. एल./10557) ने कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबन्ध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) की धारा 17 की उप-धारा 2(क) के अन्तर्गत छूट के लिए आवेदन किया है (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है)।

चूंकि मैं, बी. एन. सोम, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त इस बात से संतुष्ट हूं कि उक्त स्थापना के कर्मचारी कोई अलग अंशदान या प्रीमियम की अदायगी किये बिना जीवन बीमा के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम की सामूहिक बीमा स्कीम का लाभ उठा रहे हैं, जोकि ऐसे कर्मचारियों के लिए कर्मचारी निक्षेप सहबद्ध बीमा स्कीम, 1976 के अन्तर्गत स्वीकार्य लाभों से अधिक अनुकूल है (जिसे इसमें इसके पश्चात् स्कीम कहा गया है)।

अतः उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा 2(क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा इसके साथ संलग्न अनुसूची में उल्लिखित शर्तों के अनुसार मैं, बी. एन. सोम, उक्त स्थापना की उल्लिखित पिछली तारीख से प्रभावी जिस तिथि से उक्त स्थापना को क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त चन्डीगढ़ ने स्कीम की धारा 28(7) के अन्तर्गत ढील प्रदान की है, 3 वर्ष की अवधि के लिए उक्त स्कीम से संचालन की छूट देता हूं। (दिनांक 1-3-90 से 28-2-93 तक)।

अनुसूची-II

1. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक (जिसे इसमें इसके पश्चात् नियोजक कहा गया है) सम्बन्धित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त, को ऐसी विवरणियां भेजेगा और ऐसे लेखा रखेगा तथा परीक्षण के लिए ऐसी सुविधाएं प्रदान करेगा जो केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त, समय-समय पर निर्दिष्ट करें ।

2. नियोजक ऐसे निरीक्षण प्रभारी का प्रत्येक मास की समाप्ति के 15 दिन के भीतर संदाय करेगा जो केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा (3-क) के खंड-क के अधीन समय-समय पर निर्देश करें।

3. सामूहिक बीमा स्कीम के प्रशासन में, जिसके अंतर्गत लेखाओं का रखा जाना, विवरणियों का प्रस्तुत किया जाना, बीमा प्रीमियम का संदाय, लेखाओं का अन्तरण निरीक्षण प्रभार का संदाय आदि भी है, होने वाले सभी व्ययों का वहन नियोजक द्वारा किया जायेगा ।

4. नियोजक, केन्द्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित सामूहिक बीमा स्कीम के नियमों की एक प्रति और जब कभी उनमें संशोधन किया जाए, तब उस संशोधन की प्रति तथा कर्मचारियों की बहुसंख्या की भाषा में उसकी मुख्य बातों का अनुवाद स्थापना के सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करेगा ।

5. यदि कोई ऐसा कर्मचारी जो कर्मचारी भविष्य निधि का या उक्त अधिनियम के अधीन छूट प्राप्त किसी स्थापना की भविष्य निधि का पहले से ही सदस्य है, उसको स्थापना में नियोजित किया जाता है तो, नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के सदस्य के रूप में उसका नाम तुरन्त दर्ज करेगा और उसकी बाबत आवश्यक प्रीमियम भारतीय जीवन बीमा निगम को संदत्त करेगा ।

6. यदि उक्त स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभ बढ़ाये जाते हैं तो नियोजक सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन कर्मचारियों को उपलब्ध लाभों में समुचित रूप से वृद्धि किए जाने की व्यवस्था करेगा, जिससे कि कर्मचारियों के लिए सामूहिक बीमा स्कीम के अधीन अनुज्ञेय है।

7. सामूहिक बीमा स्कीम में किसी बात के होते हुए भी यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु पर इस स्कीम के अधीन संदेय राशि उस राशि से कम है जो कर्मचारी को उस दशा में संदेय होती जब वह उक्त स्कीम के अधीन होता तो, नियोजक कर्मचारी के विधिक वारिस/नाम निर्देशितों को प्रतिकर के रूप में दोनों राशियों के अन्तर बराबर राशि का संदाय करेगा ।

8. सामूहिक बीमा स्कीम के उपबन्धों में कोई भी संशोधन सम्बन्धित क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं किया जायेगा और जहां किसी संशोधन से कर्मचारियों के हित पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना हो, वहां क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त अपना अनुमोदन देने से पूर्व कर्मचारियों को अपना दृष्टिकोण स्पष्ट करने का युक्तियुक्त अवसर देगा ।

9. यदि किसी कारणवश स्थापना के कर्मचारी भारतीय जीवन बीमा निगम की उस सामूहिक बीमा स्कीम के, जिसे स्थापना पहले अपना चुकी है अधीन नहीं रह जाता है या इस स्कीम के अधीन कर्मचारियों को प्राप्त होने वाले लाभ किसी रीति से कम हो जाते हैं तो यह रद्द की जा सकती है ।

10. यदि किसी कारणवश नियोजक उस नियत तारीख के भीतर जो भारतीय जीवन बीमा निगम नियत करें, प्रीमियम का संदाय करने में असफल रहता है और पालिसी को व्यपगत हो, जाने दिया जाता है तो छूट रद्द की जा सकती है ।

11. नियोजक द्वारा प्रीमियम के संदाय में किये गये किसी व्यतिक्रम की दशा में उन मृत सदस्यों के नाम निर्देशितों या विधिक वारिसों को जो यदि यह छूट न दी गई होती तो उक्त स्कीम के अन्तर्गत होते, बीमा लाभों के संदाय का उत्तरदायित्व नियोजक पर होगा ।

12. उक्त स्थापना के सम्बन्ध में नियोजक इस स्कीम के अधीन आने वाले किसी सदस्य की मृत्यु होने पर उसके हकदार नाम निर्देशितों/विधिक वारिसों को बीमाकृत राशि का संदाय तत्परता से और प्रत्येक दशा में भारतीय जीवन बीमा निगम से बीमाकृत राशि प्राप्त होने के एक माह के भीतर सुनिश्चित करेगा ।

दिनांक 19 फरवरी 1992

सं. 2/1959/डी. एल. आई./एक्जम/89/भाग-1/551—जहां अनुसूची-1 में उल्लिखित नियोक्ताओं ने (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त स्थापना कहा गया है) कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम, 1952 (1952 का 19) की धारा 17 की उपधारा 2(क) के अंतर्गत छूट के विस्तार के लिए आवेदन किया है (जिसे इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है)।

चूंकि मैं, बी. एन. सोम, केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त इस बात से संतुष्ट हूं कि उक्त स्थापना के कर्मचारी कोई अलग अंशदान या प्रीमियम की अदायगी किए बिना जीवन बीमा के रूप में भारतीय जीवन बीमा निगम की सामूहिक बीमा स्कीम का लाभ उठा रहे हैं, जो कि ऐसे कर्मचारियों के लिए कर्मचारी निक्षेप सहबद्ध बीमा स्कीम, 1976 के अंतर्गत स्वीकार्य लाभों से अधिक अनुकूल है (जिसे इसमें इसके पश्चात् स्कीम कहा गया है)।

अतः, उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा 2(क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा श्रम मन्त्रालय भारत सरकार केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त की अधिसूचना संख्या तथा तिथि जो प्रत्येक स्थापना के नाम के सामने दर्शायी गई है, के अनुसरण में तथा संलग्न अनुसूची-II में निर्धारित शर्तों के रहते हुए मैं, बी. एन. सोम, उक्त स्कीम के सभी उपबंधों के संचालन से प्रत्येक उक्त स्थापना को और 3 वर्ष की अवधि के लिए छूट प्रदान करता हूं जैसा कि संलग्न अनुसूची-1 में उनके नाम के सामने दर्शाया गया है।

अनुसूची–I

क्रम सं०	स्थापना का नाम और पता	कोड संख्या	स्थापना को छूट बढ़ाने के लिए भारत सरकार के अधिसूचना की सं० तथा तिथि	पहले से प्रदान की छूट की समाप्ति की तिथि	अवधि जिसके लिए और छूट दी गई है	के०भ०नि०आ० फाइल संख्या
1.	मैसर्स एसकार्टस ट्रेक्टर्स लिमिटेड 11, स्काइलिंडया हाउस, कनाट सर्कस, नई दिल्ली–110001	डी०एल०/2676	2/1959/डी०एल०आई०/एक्जम/89/पार्ट–1 दिनांक 20–10–89	30–11–90	1–12–90 से 30–11–93	2/1086/89-डी०एल०आई०
2.	मैसर्स के० एल० राठी स्टील्स लि०, लोनी रोड़, शाहदरा, दिल्ली–32	डी० एल०/3365	2/1959/डी० एल० आई०/एक्जाम/89/पार्ट–1 दिनांक 20–10–89	7–11–91	8–11–91 से 7–11–94	2/607/81–डी० एल० आई०
